हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 जून 2026



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26

# 15 को पुरूषोत्तम मास का होगा समापन, 19 से गूंजेगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चल रहे पुरूषोत्तम मास के समापन पश्चात फिर जून माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्तों का क्रम बनेगा। जिससे ना सिर्फ बाजार में रौनक लौटेगी, बल्कि लोगों की व्यस्तता भी बनी रहेगी।

पंचाग के अनुसार पुरूषोत्तम मास 17 मई से प्रारंभ है। जिसका समापन 15 जून को होगा। इस दौरान विविध धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों व पूजा-अर्चना व दान-पुण्य कमाने में लोग जुटे हुए हैं। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस माह आगामी दिनों से शुरू हो रहे वैवाहिक मुहूर्तों को लेकर आगामी दिनों से बाजार में लोगों की चहल-पहल भी खरीदी के लिए बढ़ जाएगी। शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में वैवाहिक सीजन संबंधी सामग्रियों की जमकर खरीदी होने की संभावना है। मुहूर्तों को देखते हुए बाजार में कपड़ा, ज्वेलरी, फर्नीचर, कपडे, बर्तन सहित अन्य सामग्रियों की दुकानों सजधज कर तैयार है। वहीं सार्वजनिक भवन इत्यादी भी पूर्व से ही आरक्षित कर लिए गए हैं। वैवाहिक आयोजनों को लेकर ज्योतिष आचार्य के अनुसार, 19 जून से 12 जुलाई तक विवाह के लिए 16 शुभ मुहूर्त है। शादी-ब्याह का लग्न आरंभ होते ही बैंड-बाजा, बैंक्वेंट हाल आयोजन को लेकर भरे रहेंगे।

## 19 जून से 11 जुलाई तक होंगी शादियां 23 दिनों के भीतर 16 दिन शुभ मुहूर्त

### विवाह के लगातार मुहूर्त

वैवाहिक शुभ मुहूर्तों का इंतजार कर रहे लोगों के लिए जून माह खुशखबरी लेकर आ रहा है। पंचाग के मुताबिक पुरूषोत्तम मास के समापन के साथ ही 19, 20, 21, 22, 24, 26, 27, 28 व 29 जून को लगातार वैवाहिक मुहूर्तों का क्रम बन रहा है। जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होना है, उन्होंने मुहूर्तों को देखते हुए व्यापक तैयारियां भी शुरू कर दी है।



### भवनों की बढ़ेंगी मांग

ज्ञात हो कि पुरूषोत्तम मास शुरू होते ही मांगलिक आयोजनों पर विराम लग गया था। जून माह के 19 तारीख से शहर सहित ग्रामीण इलाकों में पुनः बाजे-गाजे एवं शादी-बारात, पार्टी इत्यादी का माहौल शुरू हो जाएगा। हालांकि इस मौसम में मांगलिक आयोजन करने वालों की नजर मौसम के उतार-चढ़ाव पर भी है, इसलिए आयोजनों के लिए सार्वजनिक भवनों पर अधिक ध्यान दिया जाएगा।

## वन विभाग ने बनाई कार्ययोजना, मनरेगा मद से होगा तीन लाख पौधों का वितरण

# पांच लाख पौधे से हरा-भरा होगा जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बारिश सीजन शुरू होने से पहले वन विभाग जिले में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए जुट गया है। हर साल की तरह ही इस बार भी विभाग ने वृक्षारोपण के साथ ही पौधों के निःशुल्क वितरण को लेकर कार्ययोजना तैयार कर ली है। बताया गया कि विभाग इस वर्ष मानसून के दौरान जिले में कुल मिलाकर 462090 पौधे रोपने और वितरित करने का महाभियान चलाया जाएगा। जिसमें करीबन 38 हजार पौधों को रोपने के साथ ही मनरेगा मद से जिलेभर में तीन लाख से अधिक पौधों का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के साथ ही वन विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच स्थानीय स्तर पर उठाया जा रहा यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। आगामी वर्षा ऋतु 2026 के लिए राजनांदगांव वनमंडल ने वृक्षारोपण और निःशुल्क पौधा वितरण का एक विशाल लक्ष्य निर्धारित किया है। जिससे पूरे जिले में एक नई हरित क्रांति आने की उम्मीद है। वन विभाग के नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष मानसून के दौरान जिले में कुल मिलाकर 462090 पौधे रोपने और वितरित करने का महाभियान चलाया जाएगा।

यह पहल जिले के वन आवरण को काफी बढ़ाएगी और स्थानीय नागरिकों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाएगी। राजनांदगांव वनमंडल में भारी मात्रा में हो रहे इस सुनियोजित वृक्षारोपण से आने वाले वर्षों में जिले का तापमान नियंत्रित रहने के साथ शुद्ध वायु और बेहतर वर्षा की उम्मीद की जा सकती है। वन विभाग की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अब मानसून की बारिश का बेसब्री से इंतजार है। जिसके बाद पूरा जिला इस पुनीत कार्य में जुट जाएगा।

### खास बातें

- वृक्षारोपण के साथ ही पौधों के वितरण के लिए बनाई योजना
- मनरेगा मद के अलावा किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत भी होंगे पौधों के वितरण



### किसानों को बटेंगे सवा लाख पौधे

इस महाभियान का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा शासन की लाभकारी किसान वृक्ष मित्र योजना है। इस योजना के अंतर्गत जिले में 118550 पौधों के रोपण का विशेष लक्ष्य रखा गया है। यह योजना मुख्य रूप से कृषकों को अपनी कृषि भूमि की मेड़ों या खेती के लिए अनुपयोगी जमीन पर पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करती है। इससे किसानों को भविष्य में अतिरिक्त आय का साधन मिलेगा और खेतों में मिट्टी के कटाव को रोकने के साथ ही भूजल स्तर को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी।

### सघन वृक्षारोपण अभियान चलेगा

विभागीय योजना के विस्तृत विवरण पर गौर करें तो स्पष्ट होता है कि वर्ष 2026 में वनमंडल द्वारा सीधे तौर पर 38540 पौधों का सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। यह विभागीय वृक्षारोपण मुख्य रूप से उन चयनित क्षेत्रों में किया जाएगा, जहां वन क्षेत्र को तेजी से पुनर्जीवित करने की सख्त आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जनभागीदारी को ध्यान में रखते मनरेगा के तहत एक सराहनीय कदम उठाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा मद के माध्यम से जिलेभर में 305000 पौधे पूरी तरह से निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इस बड़े पैमाने पर होने वाले निःशुल्क वितरण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने घरों के परिसरों, खेतों और खाली पड़े सामुदायिक जमीनों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# कार से गांजा तस्करी, चार किलो के साथ 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार में अवैध रूप से गांजा ले जा रहे आरोपियों को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा। जिनसे 4 किलो गांजा बरामद कर तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में नशे एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ सतत कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक दिलीप पटेल के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस एवं सायबर सेल के संयुक्त टीम द्वारा ठाकुरटोला टोलप्लाजा के पास नाकाबंदी प्वाइंट लगाई गई। इस दौरान दुर्ग से राजनांदगांव की ओर आ रहे कार को रोककर उसमें बैठे लोगों से पूछताछ करने पर अपना नाम फैजल अंसारी 24 साल निवासी शक्तिनगर, नील गिडवानी 24 साल निवासी सिंधी कॉलोनी, अतुल गोस्वामी 26 साल निवासी दुर्गा चौक लखोली का रहने वाला बताए। पुलिस के अनुसार कार को चेक करने पर कार के अंदर चार पैकेट में कुल 4 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा, नगदी रकम 12500 रुपए मिला। आरोपियों का कृत्य एनडीपीएस एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से आरोपियों से 4 किलोग्राम गांजा कीमती 54000, नगदी रकम 12500 एवं घटना में प्रयुक्त कार को जब्त कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।




## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं से मिले नेता प्रतिपक्ष

**डोंगरगढ़।** नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने खुज्जी प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, रामजी तराने, नलिनी मेश्राम उपस्थित थी।

### घर के भीतर मोर होने की चर्चा



**डोंगरगढ़।** बोरतलाव थाना अंतर्गत ग्राम खमपुरा में एक ग्रामीण के घर में राष्ट्रीय पक्षी मोर होने की सूचना मिली है। मोर को अवैध रूप से घर में रखने की सूचना स्थानीय लोगों के माध्यम से वन विभाग तक पहुंचाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप वनमंडल की एसडीओ पूर्णिमा राजपूत को जानकारी दी गई। उन्होंने मामले में संज्ञान लेते हुए आवश्यक जांच और नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है। गौरतलब है कि मोर राष्ट्रीय पक्षी है और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित प्रजातियों में शामिल है। उसे कैद कर रखना कानूनन अपराध माना जाता है।

### शिविर का समापन



**डोंगरगढ़।** पनियाजोब में आयोजित युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन 5 जून को हुआ। शिविर के दौरान महा सत्संग किया गया। सत्संग में सत्यदेव साहू, वशिष्ट, नंद किशोर अग्रवाल, मनोहर, विनय कुमार, चुनिका साहू और गुलाब देशमुख ने सुंदर प्रस्तुति दिया।

### निधन

### अनिता सान्याल



**डोंगरगढ़।** अछोली निवासी शिवशंकर एवं प्रदीप सान्याल की माता अनिता सान्याल का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गय। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजनों सहित सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

### अंतिम शिविर में उमड़े नागरिक, मांगा जमीन का पट्टा

# शिविर में सात सौ ने दिया आवेदन

## योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

सुशासन तिहार अंतर्गत नगर के अंतिम शिविर में महतारी वंदन तथा भूमिहीन कृषक कल्याण योजना एवं पटटा प्राप्त करने के लिए आवेदको की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में सात सौ से अधिक ने शिकायत एवं मांगो के आवेदन सौंपा।

सुशासन तिहार का अंतिम शिविर मंडी परिसर में संपन्न हुआ। शिविर का उदघाटन नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने छग महतारी की पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद उमा निषाद, किशुन पटेल, विनोद डेहरिया, मुकेश सिन्हा, दिलीप कुंभकार, कविता यादव एवं अधिकारी उपस्थित थे। प्रारंभ में अधिकारियों ने विभागीय योजनाओ की जानकारी देते हुए लाभ उठाने का आहवान किया।प्रारंभ से अंत तक नागरिकों की भीड़ नगर पंचायत, राजस्व, विभाग के स्टाल में उमड़ी रही। संचालन विजय ठाकुर एवं आभार ज्ञापन सीएमओ विजय पांडे ने किया। शिविर में एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य, तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, पार्षद कांशीराम निषाद, गोपीचंदा देवांगन, झरनेश कुंभकार, उषा यादव, सुरेश नेताम, संजय लाटा, आशीष द्विवेदी, गुलाब गोस्वामी, राजू खंडेलवाल, अजहरूददीन, कुंजलता हरमुख, सतीश शर्मा आदि उपस्थित थे।



### समय सीमा में करें कार्रवाई

कलेक्टर ने दो टूक शब्दो में कहा कि शिविर में मिले आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इसके लिए एक माह का इंतजार न करे। शिविर में जो भी समस्याएं एवं शिकायतें मिली है उनका तत्काल निराकरण करें। उन्होंने राशन कार्ड, खाद्यन्न तथा पेंशन से जुडी शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया।

### राशन कार्ड, ऋण पुस्तिका का वितरण

शिविर मं पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांगजनों को ट्राय सायकल, श्रवण यंत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच नागरिकों को आयुष्मान कार्ड तथा नवब्याहता को श्रृंगार पेटी तथा नगर पंचायत ने चार को राशन कार्ड वितरित किया। राजस्व विभाग ने दो कृषकों को डिजिटल ऋण पुस्तिका प्रदान किया।

### कलेक्टर ने बताई योजनाएं

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने विभिन्न योजनाओ की जानकारी देते हुए नागरिकों से लाभ उठाने का आहवान किया। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने पर जोर दिया । उन्होंने बताया कि पीएम आवास में टारगेट से काफी कम आवेदन मिले है इसलिए पात्रता श्रेणी में आने वाले नागरिक तत्काल आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं। कलेक्टर ने स्वच्छता के नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता सभी की जवाबदारी है।

# आगजनी में घर सहित सामान जलकर राख



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम सड़क अतरिया में मंगलवार की शाम एक किसान के घर में अचानक आग लग गई। आगजनी में घरेलू सामान सहित पूरा घर जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों के प्रयास से तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। आग को काबू नहीं किया जाता कई अन्य मकान चपेट में आ सकते थे।

जानकारी मुताबिक कृषक विष्णुराम जंघेल घर का एक हिस्सा कच्चा है। मंगलवार की शाम 7 बजे आग लग गई। इस वक्त सभी लोग पक्के मकान में थे। घर से अचानक धुआं और आग का लौ उठते देखकर जब लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर जल रहा था। जब तक आसपास के लोग पहुंचे तब तक आग फ़ैल गई थे। लोगों ने दमकल को सूचना देने के साथ बोर, हैंड पम्प के पानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों के लगभग डेढ़ घंटे के प्रयास से आग को फैलने से रोका गया। करीब घंटे भर बाद दमकल मौके पर पहुंचा तब आग पर काबू पाया गया।

### नहीं बचा घरेलू सामान

आग जहां लगी थी वहां बड़ी मात्रा में पैरा, दर्जन भर से अधिक मवेशी और घर के लोग थे। समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो जान माल का नुकसान हो सकता था। इस आगजनी में घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। कच्चा मकान भी उजड़ गया। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने आगजनी पर दुख जताया। उन्होंने प्रभावित को क्षतिपूर्ति दिलाने का आश्वासन दिया।

# कचरे का भंडारण कर रहे नपं के वाहनों को ग्रामीणों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



कचरा भंडारण को लेकर नगर पंचायत और ग्राम पंचायत मोहड़ बुधवार को आमने सामने आ गए। मोहड़ के ग्रामीणों ने नगर पंचायत द्वारा कचरा का भंडारण करने से होने वाली परेशानी को देखते हुए दो वाहनों को पकड़ कर पंचायत में खड़े करवा दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा शहर से निकलने वाले कचरे को शराब दुकान के आसपास डंप किया जा रहा है। कचरा के डंप करने से बदबू तो फैल रही है साथ कचरा आसपास के खेतों में जा रहा है जिससे खेत के बंजर होने का खतरा मंडरा रहा है।

उल्लेखनीय है कि शराब दुकान के आसपास संचालित चखना सेंटर में बिकने वाले चखना के रैपर, डिस्पोजल गिलास, पानी पाउच मोहड़ चौक से शराब दुकान तक फैला हुआ है। यह प्लास्टिक कचरा खेत और नहर में जाकर परेशानी बढ़ाने के साथ जमीन को दूषित कर रहा है। इस मामले को लेकर राजस्व, नगर, आबकारी और स्वास्थ्य विभाग लगातार लापरवाही बरत रहे है।

### दो वाहन को पकड़ा

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के वाहन बुधवार को भी कचरे का भंडारण करने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने परेशानी को देखते हुए कड़ा रुख अपनाते हुए दो वाहनों को पकड़ कर पंचायत में खड़े करवा दिया। पकड़े गए वाहनों को नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता और पार्षद कोमल साहू की दखल के बाद छोड़ने की खबर है।

# स्कूल मैदान में लकड़ियों का भंडारण

**चारभाठा।** आगामी 26 जून से नया शिक्षा सत्र शुरू हो जाएगा। मोहनपुर स्थित प्राथमिक शाला के बच्चों को प्रशासनिक और राजनीतिक उदासीनता से उपजी समस्याओ से दो चार होना पड़ेगा।

यहां न तो बाउंड्रीवॉल है और न बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त कमरें है। कमरों के अभाव में बच्चों को अतिरिक्त कमरों में बैठकर पढ़ना पड़ता है। अहाता नहीं होने के कारण लोग जहां स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण कर रहे है वहीं कुछ ने ट्राली खड़ी देते हैं। कुछ ने लकड़ियां डंप कर दिया है।



### मांग 20 सालों से लंबित

जानकारी के अनुसार ग्रामीण पिछले 20 वर्षों से आहता निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। विधायक से लेकर जिला प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने इस मांग को उचित कहकर पल्ला झाड़ लिया है। ग्रामीणों की पीड़ा यह है कि उनकी समस्याओं को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।

### खतरे में बच्चे

जानकारी के अनुसार आहता के अभाव में छोटे बच्चे खेलते-खेलते सड़क तक पहुंच जाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सरपंच सुखराम पटेल ने कहा कि सरकार सुशासन तिहार मना रही है किन्तु शिक्षा केंद्र की उपेक्षा समझ से परे है।

# 16 से खुलेंगे स्कूल, डीईओ ने तैयारियां करने के दिए निर्देश



**डोंगरगांव।** नए शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले बीटीआई में बुधवार को विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की प्रथम पाली में प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं माध्यमिक प्रधान पाठक तथा द्वितीय पाली में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों ने भाग लिया। बैठक में बीईओ जयंत साहू ने बताया कि आगामी 16 जून से नियमित अध्ययन-अध्यापन प्रारंभ किया जाना है जिसके लिए सभी संस्था प्रमुखों को समय-सारिणी निर्माण, विद्यालयों की सफाई, कक्षावार व्यवस्था एवं अन्य तैयारियां 15 जून तक पूर्ण करना है। उन्होंने बताया कि प्रवेश उत्सव, पाठ्यपुस्तक, साइकिल एवं गणवेश वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किए जाएं।

### करें स्मार्ट क्लास का संचालन

बैठक में जर्जर भवनों की जानकारी संकलित करने, वैकल्पिक व्यवस्था करने, डीटीएच स्मार्ट क्लास का नियमित संचालन, छात्रवृत्ति, आधार अपडेशन, एमबीयू, दैनिक डायरी एवं विभिन्न शैक्षणिक अभिलेखों के संधारण पर चर्चा की गई। एबीईओ क्षितिज सोरी ने विद्यार्थियों के प्रवेश के समय आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने पर जोर देते हुए निरक्षरों को उल्लास परीक्षा हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया।

### ऑनलाइन उपस्थिति करें दर्ज

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल, सेजेस राजनांदगांव के प्राचार्य अमित भोज एवं एडीबीओ सिन्हा भी शामिल हुए। श्री सिन्हा ने शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, वीएसके एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने, स्मार्ट क्लास, व्यवसायिक शिक्षा एवं अटल टिंकरिंग लैब के संचालन पर चर्चा की। प्राचार्य अमित भोज ने शिक्षा का अधिकार की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी ने पेंशन प्रकरणों का निराकरण, सेवा पुस्तिका संधारण, दैनिक डायरी लेखन, विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा प्रदान करने, स्थानीय लेखा-जोखा एवं एसएमसी गठन पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएमसी सतीश ब्योहारे, एपीसी श्री झाड़े, श्री अंसारी, श्री नायक उपस्थित थे। श्री ब्योहारे ने संकुल समन्वयकों के दायित्व, शाला प्रवेश उत्सव, पुस्तक स्कैनिंग एवं यू-डाइस संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# तेंदूपत्ता और लकड़ियां जा रही महाराष्ट्र

- वनांचल क्षेत्र में दलाल सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



उपवन मंडल में तेन्दूपत्ता की कालाबाजारी शुरू हो गई है। वर्षों से पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के संरक्षण में दलालों के माध्यम से बोरतलाब मार्ग से सालेकसा, दर्रेकसा बडे पैमाने पर तेन्दूपत्ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी और परिक्षेत्र अधिकारी मुख्यालय में निवास करने के बजाए बाहर से आना जाना कर रहे हैं जिसके कारण अवैध कटाई, उत्खनन के साथ तेन्दूपत्ता की तस्करी जारी है। कई दलाल तेन्दूपत्ता इकटठा कर निजी गोदाम में जमा कर रहे है। महाराष्ट्र के अलावा अन्य प्रदेश के बिडी कारखाना मालिक कोचियों के माध्यम से अपने ब्रांड की बिडी बनावा रहे है।

### नकली बीड़ी कारखाना का खुलासा

उल्लेखनीय है कि एक नामी कंपनी की नकली बिडी कारखाने का 2024- 25 में खुलासा हो चुका है। वर्तमान में बिडी बनाने वाले अपने घरों में बिडी बनाकर ठेकेदारों को सप्लाई कर रहे हैं।

बिड़ी के अवैध कारोबार के चलते क्षेत्र मे तेन्दूपत्ता का कारोबार काफी फलफूल रहा है।

### लकड़ियों की तस्करी

दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र से जंगल से सागौन सहित अन्य प्रजातियों की लकडियों की अवैध कटाई कर महाराष्ट्र भेजने की जानकारी मिली है। चिचोला बागनदी क्षेत्र से भी लकडियों को महाराष्ट्र भष जा रहा है। बताया जाता है कि लकड़ियों के धंधे में अधिकारी कर्मचारियों के रिश्तेदार शामिल है।

# चारभाठा में शराब दुकान खुल गई, बैंक की मांग लंबित, नाराज ग्रामीण फिर आंदोलन की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



चारभांठा में शराब के अवैध कारोबार पर प्रतिबंध लगाने में प्रशासन के विफल होने के बाद ग्रामीणों ने सरकारी शराब दुकान खोलने की मांग की थी। ग्रामीणों की इस मांग को प्रशासन ने पूरा कर दिया है किन्तु ग्रामीणों ने बैंक खोलने की मांग करते हुए चक्काजाम किया था। यह मांग अब तक लंबित है। ग्रामीणों का आंदोलन खत्म कराने के लिए प्रशासन ने 2 महीने में बैंक खोलने का वादा किया था। दो महीने गुजने के बाद भी गांव में बैंक नहीं खुल सका है। बैंक नहीं होने से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि भाजपा की महिला जनप्रतिनिधि ने शराब दुकान का उद्घाटन किया जबकि उन्हे उम्मीद थी कि वह चारभाटा में बैंक खुलवाने की दिशा में सक्रियता से कार्य करेगी।

### फिर आंदोलन की सुगबुगाहट

बैंक की उम्मीद लगाए बैठे ग्रामीणों में फिर आंदोलन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उनकी जायज मांग पूरी नहीं की गई, तो वह पुनः चक्काजाम करने विवश होंगे।

# विधायक ने समाज को शिक्षा और संगठन का दिया संदेश

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत कुम्ही में कंवर समाज के भवन का लोकार्पण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए। इस मौके पर विधायक बघेल ने कहा कि यह भवन केवल ईंट और सीमेंट से बना एक ढांचा नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कृति, शिक्षा और विकास का सशक्त केंद्र है। उन्होंने कहा कि समाज भवन का उपयोग केवल सामाजिक कार्यक्रमों तक सीमित न रहकर शिक्षा, जागरूकता और समाज सुधार के कार्यों के लिए भी करे। उन्होंने कहा कि इस भवन में कोचिंग कक्षा, मार्गदर्शन शिविरों और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन किया जाए तो बच्चों को काफी लाभ होगा उन्हे नई दिशा मिलेगी।



### नगर पंचायत प्रशासन की पहल

# लोक कल्याण मेला आज, शहर के छोटे व्यवसायियों को मिलेगा लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया




छोटे कारोबारियों, पथ विक्रेताओं, शहरी गरीबों और असंगठित श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए नगर पंचायत गंडई में एक पहल होने जा रही है। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में 11 जून को 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर और लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया है।

नगर पंचायत गंडई के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि शिविर में स्थानीय बैंकों के अधिकारी मौजूद रहेंगे जिनके माध्यम से छोटे व्यवसाइयों को बिना किसी परेशानी के लोन सुविधा मुहैया कराई जाएगी। योजना के तहत प्रथम किश्त में 15 हजार, द्वितीय किश्त में 25 हजार और तृतीय किश्त में 50 हजार दिया जाएगा। जो हितग्राही पिछले लोन का भुगतान कर चुके हैं, वहअगली बड़ी किश्त के लोन के लिए पात्र होंगे। डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए भी शिविर में मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### दस्तावेज लेकर आएं व्यापारी

निकाय प्रशासन ने सभी ठेला-खोमचा वालों, सब्जी-फल विक्रेताओं, फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों से लोक कल्याण मेला में शामिल होने का आव्हान कियाह। हितग्राहियों का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी और यदि पहले लोन लिया हो तो उससे संबंधित जानकारी लाना आवश्यक है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## बहुचर्चित एडवर्ड चिल्ड्रन पार्क जमीन विवाद में उठा सबसे बड़ा सवाल

# पार्क निजी संपत्ति पर 1948 की सूची में नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एडवर्ड चिल्ड्रन पार्क, छोटे झाड़ का जंगल, घास भूमि और कथित अवैध प्लाटिंग से जुड़े बहुचर्चित भूमि विवाद में अब ऐसा मोड़ आ गया है, जिसने पूरे मामले को केवल राजस्व या प्लाटिंग विवाद से आगे बढ़ाकर इतिहास और स्वामित्व के मूल प्रश्न तक पहुंचा दिया है। लगातार सामने आ रहे दस्तावेजी शिकायत बाद संभाग आयुक्त कार्यालय ने मामले की जानकारी तलब की है, जिसके बाद कलेक्टर ने सात सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच समिति गठित कर दी है।

जांच शुरू होने से पहले ही एक नया सवाल पूरे मामले के केंद्र में आ गया है, यदि एडवर्ड पार्क वास्तव में राजपरिवार की निजी संपत्ति था तो वर्ष 1948 में रियासत विलय के समय तैयार की गई निजी संपत्तियों की आधिकारिक सूची में उसका नाम क्यों नहीं है। ये पूरा विवाद शहर के खसरा नंबर 167, 169 और 170 तथा नजूल शासकीय अभिलेख में दर्ज भूमि प्लॉट नंबर 114 और 115 से जुड़ा है।

उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार इन भूमि खंडों का अलग-अलग रिकॉर्ड में अलग-अलग स्वरूप दिखाई देता है। राजस्व अभिलेखों में खसरा नंबर 167, 169 और 170 को सडक़, रास्ता, घास भूमि और छोटे झाड़ का जंगल बताया गया है।

वहीं नजूल मेंटेनेंस खसरे में प्लॉट नंबर 114 को एडवर्ड पार्क और प्लॉट नंबर 115 को बाड़ी एडवर्ड पार्क के रूप में दर्ज बताया गया है। इसके बावजूद बाद के सालो में इसी भूमि पर निजी स्वामित्व का दावा सामने आया और फिर कथित रूप से भूमि का विभाजन कर प्लाटिंग की गई।



### संभाग आयुक्त कार्यालय तक पहुंचा मामला

वर्ष 2020 में तत्कालीन विधायक स्वर्गीय देवव्रत सिंह ने विधानसभा में खैरागढ़ क्षेत्र में कथित अवैध प्लाटिंग का मुद्दा उठाया था। इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर जांच भी हुई और कुछ मामलों में रजिस्ट्रियों पर रोक लगाने जैसी कार्रवाई की गई। अब लगातार प्रकाशित खबरों और सामने आए दस्तावेजों के बाद संभाग आयुक्त कार्यालय ने पूरे मामले की जानकारी मांगी है। इसके बाद कलेक्टर ने अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में सात सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है। जांच समिति अब 1948 की निजी संपत्ति सूची, रियासत विलय दस्तावेज, मूल राजस्व रिकॉर्ड, नजूल अभिलेख, मेंटेनेंस खसरा, 1974 की रजिस्ट्री, नामांतरण आदेश, सीमांकन प्रतिवेदन और नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के रिकॉर्ड का संयुक्त परीक्षण करेगी।

### 1974 की रजिस्ट्री से शुरू

मामले में वर्ष 1974 की एक पंजीकृत रजिस्ट्री सामने आई है। दस्तावेज अनुसार प्लॉट नंबर 114 और 115 अवयस्क स्मृति सिंह के नाम हस्तांतरित किया गया जिसमे तत्कालीन राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह विक्रेता है और रविंद्र बहादुर सिंह ने अधिकृत प्रतिनिधि आम मुख्तियार/पावर ऑफ अटॉर्नी धारक के रूप में दस्तावेज पर हस्ताक्षर किया है। उस समय भूमि का विक्रय मूल्य मात्र 3 हजार रुपये दर्शाया गया था। यही रजिस्ट्री आज भूमि के निजी स्वामित्व के दावे का प्रमुख आधार मानी जा रही है। पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज अब रियासत के भारत संघ में विलय के समय तैयार की गई रूलर्स प्राइवेट प्रॉपर्टी इन्वेंटरी शासक की निजी संपत्तियों की सूची बन गई है। इस सूची में राजपरिवार की निजी संपत्तियों का विस्तृत विवरण दर्ज है। कमल विलास पैलेस, लाल निवास, लाल बाग डोंगरगढ़ सहित कई भवनों, भूखंडों और उद्यानों का उल्लेख मिलता है लेकिन एडवर्ड पार्क का नाम इस सूची में दिखाई नहीं देता। संयुक्त जांच प्रतिवेदन में लगभग 85,627 वर्गफीट भूमि के विभिन्न लोगों को विक्रय किए जाने का उल्लेख है। जानकारी के अनुसार भूमि को 22 हिस्सों में विभाजित कर प्लाटिंग की गई।

# विवाद का अखाड़ा बना नेहरू महाविद्यालय, पिस रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़





स्थानीय नेहरू महाविद्यालय इन दिनों आपसी विवाद का केन्द्र बनते जा रहा है। महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक और संविदा कर्मियों के बीच चल रही खींचतान और गुटबाजी से शैक्षिक माहौल दूषित हो चुका है जिसका सीधा असर छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा है। यहां सालों से प्राचार्य की नियुक्ति नहीं होने से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक अमन नामदेव ने कहा कि कॉलेज के कुछ प्राध्यापक और संविदा शिक्षक आपसी गुटबाजी में व्यस्त हैं।

कॉलेज अनुशासन नहीं रह गया है। कॉलेज का शैक्षणिक स्तर गिरते जा रहा है। प्रभारी व्यवस्था के भरोसे चल रहे इस संस्थान में कोई भी जिम्मेदारी लेने तैयार नहीं है जिसके चलते कॉलेज का ग्राफ नीचे गिर रहा है। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री ने बताया कि पीजीडीसीए के परीक्षा परिणाम में त्रुटियां देखने को मिली हैं जिससे छात्रों का साल दांव पर लग गया है। कॉलेज में सीनियर प्राध्यापक होने के बाद भी यूजीसी की गाइड लाइन का उल्लंघन करते हुए जूनियर को प्रभार सौंप दिया गया है। ऐसा 2023 में भी हो चुका है। रेवती मेडम के रहते हुए श्री जांबुलकर को प्रभार दे दिया गया था हालांकि बाद में उच्च शिक्षा विभाग को अपना आदेश संशोधित करना पड़ा था। वर्तमान में 2023 वाली गलती की पुनरावृत्ति की जा रही है।

# जब्त वाहन राजसात करने के निर्देश

## जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की अवैध खेती, तस्करी, नशा मुक्ति व प्रवर्तन संबंधी विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिया गया।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व, वन व पुलिस विभाग के अधिकारियों को अफीम, गांजा, तंबाकू सहित अन्य मादक पदार्थों की अवैध खेती की पहचान और रोकथाम के लिए जागरूक करने का निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को ऐसी फसलों की तस्वीरें व आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि मैदानी स्तर पर निरीक्षण के दौरान अवैध खेती की समय पर पहचान कर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत जब्त किए गए वाहनों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजसात व नीलामी की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया वही संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा।

### निर्धारित अंतराल में करें जॉच

बैठक में जिले में संचालित नशा मुक्ति व पुनर्वास सेवाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नशा मुक्ति को लेकर संचालित पुनर्वास केंद्रों की क्षमता विस्तार, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, अधिक से अधिक प्रभावित व्यक्तियों को उपचार व परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया इसके अलावा लाइसेंस प्राप्त मेडिकल दुकानों, संस्थानों में नियंत्रित दवाओं के स्टॉक का नियमित भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने औषधि नियंत्रण विभाग को निर्धारित अंतराल पर निरीक्षण कर स्टॉक का मिलान करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रभावी कार्रवाई व जनजागरूकता गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने कहा।

# कलेक्टर ने की योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों व लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने व शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने कहा।

बैठक में आगामी मानसून को देखते हुए आपदा प्रबंधन व पूर्व तैयारियों पर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को संभावित बाढ़, अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली, जलभराव सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्था समय रहते पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राहत व बचाव कार्यों से संबंधित संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी रखी जाए। कलेक्टर ने जिले की सभी तहसीलों में कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की जाए ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सूचना प्राप्त हो सके और तत्काल कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, मानसून पूर्व की गई तैयारियों का विस्तृत प्रतिवेदन अगली बैठक में प्रस्तुत करने कहा।



### पीएम आवास का करें नियमित निरीक्षण

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर कार्यों को समय-सीमा में पूरा कराने का निर्देश देते हुए कहा कि हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए और निर्माण कार्यों में आने वाली समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए। सुशासन तिहार की समीक्षा के दौरान जिपं सीईओ व नोडल अधिकारी प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि जिले में मांग एवं शिकायत संबंधी लगभग 26 हजार आवेदन मिला हैं। इनमें से 22 हजार आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि की जा चुकी है, शेष आवेदनों की एंट्री हो रही है। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की प्रविष्टि व निराकरण में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने कहा।

### जिले का विकास सभी की जिम्मेदारी

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड निर्माण, धान उठाव, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, गौधाम योजना, समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना तथा जल संरक्षण के लिए संचालित कैच द रेन अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों को निर्धारित अवधि में सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता, जवाबदेही और समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धान खरीदी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शार्टेज के मामले लगातार सामने आ रहे है। मामले के खुलासे के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर और समिति प्रबंधकों पर कार्रवाई की जा रही है। इस तरह के मामले मोहारा, कुडेकला, बागकेरसा सहित अन्य सोसायटी में सामने आ चुके है जिसके बाद किसान आदि सिस्टम पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि धान खरीदी और भंडारण पर निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं जो नियमित निरीक्षण करने के साथ रिकॉर्ड सत्यापित करते हैं फिर भी यह गड़बड़ी पकड़ में क्यों नहीं आतीं?

- सहकारी कर्मचारी संघ ने सत्यापन कराने की मांग की

सहकारी कर्मचारी संघ ने धान के शार्टज या अन्य अनियमितताओं की शिकायतों की जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से करने की मांग की है। संघ का कहना है कि धान खरीदी केवल एक व्यक्ति के भरोसे नहीं होती है। कंप्यूटर ऑपरेटर, समिति प्रबंधक, समिति अध्यक्ष, नोडल अधिकारी, निरीक्षण दल सहित अन्य की भूमिका होती है। जांच में यह भी देखना चाहिए कि अधिकारियों और पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किस प्रकार किया। संघ का कहना कि नोडल अधिकारी ने पूरी व्यवस्था पर नजर रखा तो फिर शॉर्टेज कैसे हुआ? इसी प्रकार अध्यक्ष की भूमिका भी औपचारिक नहीं मानी जा सकती। संघ ने स्वतंत्र एजेंसी या उच्चस्तरीय जांच दल से भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है।

# जिले में दिव्यांग बच्चों का होगा सर्वेक्षण

## विभागों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर व पदेन जिला मिशन समन्वयक इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तर पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों दिव्यांग बच्चों के व्यापक सर्वेक्षण को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि सर्वेक्षण का उद्देश्य जिले के प्रत्येक दिव्यांग व विशेष आवश्यकता वाले बच्चे की पहचान कर उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पुनर्वास व शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय व सहयोग के साथ काम करना होगा। स्वास्थ्य विभाग को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के मेडिकल आकलन, दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने, मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने व यूडीआईडी पंजीयन में सहयोग करने कहा साथ ही बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति, दिव्यांगता की श्रेणी, गंभीरता के सत्यापन, सहायक उपकरणों की उपलब्धता सहित शिविर आयोजन व बौद्धिक अक्षमता वाले बच्चों के चिन्हांकन के लिए आवश्यकतानुसार मनोवैज्ञानिकों की व्यवस्था में सहयोग करने कहा।

### समन्वय बनाकार आपसी सहयोग से करें काम

बैठक मे कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने समाज कल्याण विभाग को दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति एवं पुनर्वास योजनाओं सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा करने, सर्वेक्षण में चिन्हित बच्चों को योजनाओं से जोड़ने, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराने और आवश्यकतानुसार पुनर्वास सेवाओं व संस्थाओं से समन्वय स्थापित करने कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की पहचान कर प्रारंभिक सूची उपलब्ध कराने, कुपोषित व विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जानकारी साझा करने, गृह भ्रमण, समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों में सहयोग करने व प्रारंभिक हस्तक्षेप से संबंधित गतिविधियों में समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को फील्ड स्तर पर संयुक्त रूप से कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिनों की टीम आपसी समन्वय के साथ सर्वेक्षण कार्य को समय-सीमा के भीतर पूरा करें ताकि जिले के कोई भी विशेष आवश्यकता वाले बच्चे शासन की सुविधाओं एवं अधिकारों से वंचित न रहें। इस महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा में पूर्ण करें। बैठक में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा, डीईओ मुकुल साव, महिला एवं बाल विकास विभाग, समग्र शिक्षा के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी व बीआरपी समावेशी शिक्षा उपस्थित थे।

# 500 लीटर डीजल जब्त, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डीजल के अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बागनदी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घोरतलाब स्थित शेरा ढाबा में दबिश देकर तलाशी लेकर लगभग 500 लीटर डीजल बरामद किया। पुलिस के अनुसार बरामद डीजल के संबंध में आरोपियों द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी उत्तम मौर्य को गिरफ्तार किया। वहीं प्रकरण में लिप्त दूसरे आरोपी संदीप सिंह को 8 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

- ढाबा में दबिश देकर बागनदी पुलिस ने बरामद किया डीजल

### तीन प्रकारण दर्ज

जांच के दौरान दोनों आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी उत्तम मौर्य के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत पहले से तीन प्रकरण दर्ज हैं। वहीं दूसरे आरोपी संदीप सिंह के खिलाफ पूर्व में मारपीट, सड़क दुर्घटना सहित अन्य आपराधिक मामलों में अपराध दर्ज होना पाया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में संदीप सिंह पिता बहादुर सिंह निवासी राजनांदगांव, उत्तम मौर्य पिता गोविंद मौर्य निवासी कैंप-1 भिलाई शामिल है।

## विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने शैक्षणिक गतिविधियां

# विद्यालय में रोपे गए पौधे, जागरूकता के कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्वच्छ और हरित पर्यावरण को सशक्त बताते हुए पीएम श्री स्व लाल मुरत सिंह खुशरो शासकीय विद्यालय गंडई में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित हुईं। विद्यालय में 1 से 15 जून तक चलने वाले समर कैंप का संचालन किया जा रहा है।

पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण, पोस्टर निर्माण, पर्यावरण जागरूकता भाषण, निबंध लेखन और स्वच्छता संबंधी विविध प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने सुंदर पोस्टरों और प्रेरणादायी संदेशों के माध्यम से जल संवर्धन, प्लास्टिक मुक्त जीवन, स्वच्छता तथा हरित विकास के महत्व को प्रदर्शित किया। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का सामूहिक संकल्प लेते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधों का रोपण किया। बौद्धिक मार्गदर्शन सत्र में विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, जैव विविधता के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।



### 15 दिवसीय समर कैंप

विद्यालय में प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे से 9:30 बजे तक समर कैंप संचालित हो रहा है, जिसमें लगभग 55 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को निखारना, उनकी रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। बच्चों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आधुनिक तकनीक का प्रारंभिक ज्ञान दिया जा रहा है। इसके अलावा कौशल और कला विकास के तहत आर्ट एंड क्राफ्ट, हस्तलेखन , मेहंदी, रंगोली, नृत्य और गायन जैसी रचनात्मक विधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिल रहा है। बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य और अनुशासन को मजबूत करने के लिए प्रतिदिन योग तथा विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और पोषण का पूरा ध्यान रखते हुए उन्हें रोज पौष्टिक एवं संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे बच्चों की उपस्थिति और सीखने के उत्साह में वृद्धि देखी गई है।

### मार्गदर्शन एवं संदेश

यह समस्त गतिविधियां विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार ददरया एवं समस्त शिक्षक स्टाफ के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हो रही हैं। प्राचार्य ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने और प्लास्टिक का उपयोग बंद करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है।

# प्लास्टिक रिसाइक्लिंग मॉडल की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ग्राम पंचायत कौड़टोला स्थित रीपा परिसर में संचालित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट क्षेत्र में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण आजीविका का केंद्र बनकर उभर रहा है। गत दिवस कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने यूनिट का निरीक्षण कर यहां संचालित गतिविधियों की सराहना की।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन का उत्कृष्ट मॉडल बताया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर, एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, जनपद सीईओ प्रियवदा रामटेके उपस्थित थी। अधिकारियों ने यूनिट में प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं पुनर्चक्रण की प्रक्रिया का अवलोकन किया और इसे और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

यूनिट में वेल्डिंग मशीन, थ्रेडर मशीन, इग्लू मशीन एवं फटका मशीन के माध्यम से प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जाता है। यहां ग्रामों के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेडों तथा बड़े-छोटे कबाड़ विक्रेताओं से प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया जाता है। प्लास्टिक बोतलों की बेलिंग तथा हार्ड प्लास्टिक को गलाकर प्लास्टिक दाना तैयार किया जाता है, जिससे कचरे को उपयोगी संसाधन में परिवर्तित किया जा रहा है।



### पर्यावरण का संरक्षण

ग्राम पंचायत सोनसायटोला के जय मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह द्वारा इस यूनिट का संचालन किया जा रहा है। समूह न केवल प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन कर रहा है, बल्कि ग्रामीणों से उचित मूल्य पर प्लास्टिक कचरा खरीदकर उन्हें स्वच्छता अभियान से जोड़ रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय महिलाओं एवं ग्रामीणों को आजीविका के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। कौड़टोला का यह प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को साकार करते हुए संसाधनों के पुनर्चक्रण, स्वच्छ वातावरण निर्माण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

गंभीर हादसे की आशंका, वाहन चालक हो रहे घायल

# ओवरब्रिज पर डिवाइडर हुआ क्षतिग्रस्त मरम्मत में रूचि नहीं दिखा रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली ओवरब्रिज में लगातार डिवाइडर के टूटने का सिलसिला जारी है। यहां पर डिवाइडर को लेकर किसी भी तरह का संकेतक, डिवाइडर पर रंग-रोगन नहीं होने के चलते तेज रफ्तार आने वाली ट्रकें सीधे डिवाइडर से टकरा रही है। जिससे डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो रहा है। क्षतिग्रस्त डिवाइडर के टुकड़े रात के वक्त सड़क तक फैल जाते हैं। जिससे हादसे का खतरा भी बना हुआ है।

स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कार्य के लिए रेलवे फाटक को बंद करने के बाद ट्रैफिक का पूरा दबाव ओवरब्रिज पर आ गया है। इसके बाद ओवरब्रिज के ऊपर सड़क हादसे में लगातार हो रही मौतों को देखते हुए यहां पर डिवाइडर बनाया गया है। डिवाइडर का निर्माण कच्चा होने के चलते बार-बार इसके क्षतिग्रस्त होने की समस्या भी आ रही है। वाहन की हल्की ठोकर से ही डिवाइडर का एक बड़ा हिस्सा टूटकर बिखर जाता है। सड़क पर फैले पदार्थ के चलते दो पहिया वाहन चालक कई बार इससे गिरकर घायल भी हो रहे हैं।



### सड़क पर बिखर रहा मटेरियल

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा डिवाइडर के कुछ हिस्से को मरम्मत करने के बाद सप्ताहभर के भीतर ही यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने डिवाइडर के एक बड़े हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिसकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। डिवाइडर की मरम्मत नहीं होने से मटेरियल सड़क पर फैल रहा है।

### दोबारा नहीं हुआ निर्माण

डिवाइडर के क्षतिग्रस्त होने के बाद भी इसके मरम्मत को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के चलते बीते दिनों कांग्रेस ने इस मामले में प्रदर्शन भी किया था। जिसके बाद डिवाइडर के कुछ हिस्से का मरम्मत किया गया, लेकिन चिखली ढाल की ओर एक बड़े हिस्से में टूटे डिवाइडर को दोबारा नहीं बनाया गया। जिसके चलते भी हादसे का खतरा बना हुआ है।

### 3 वर्ष में भी नहीं हुआ निर्माण कार्य पूरा

स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य करने के लिए 1 अप्रैल वर्ष 2023 को यहां रेलवे फाटक बंद कर दिया गया था। इसका निर्माण कार्य 1 वर्ष की अवधि में पूर्ण हो जाना था, लेकिन 3 वर्ष बीतने के बाद भी अब तक अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के चलते ओवरब्रिज पर यातायात का दबाव बना हुआ है। कई बार यहां घंटों जाम की स्थिति भी बन जाती है। इसके बावजूद अंडरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र नहीं किया जा रहा है।

## जनदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ



राजनांदगांव। प्रदेशवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से पर्यटन मंडल अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नीलू शर्मा द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिक प्रत्येक गुरुवार और शुक्रवार को दोपहर 11 से शाम 5 बजे तक अपनी शिकायतें, सुझाव और समस्याएं सीधे प्रस्तुत कर सकेंगे। जनदर्शन का आयोजन पर्यटक सूचना केंद्र गौरव पथ न्यू सर्किट ऑफिस के सामने वार्ड क्र. 43 जिला राजनांदगांव में किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। नीलू शर्मा ने कहा कि सुशासन का सार यही है कि जनता की समस्याओं का संवेदनशील और पारदर्शी तरीके से समाधान हो। जनदर्शन कार्यक्रम इसी दिशा में एक ठोस कदम है। यह पहल न केवल समस्याओं के समाधान का माध्यम बनेगी, बल्कि प्रदेशवासियों को विकास की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का अवसर भी प्रदान करेगी।

## रोजगारमूलक संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला के निर्देशन में उपभोक्ता जागरूकता बैठक एवं स्वास्थ्य एवं रोजगारमूलक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश ठाकुर, बीपी वासनिक, चितरंजन कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष ने खुलेश वर्मा की।

कार्यक्रम की शुरूआत करते संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला ने संगठन की कार्यप्रणाली पर विस्तार से बात रखी। वहीं मिलावट, भ्रामक विज्ञापन, जमाखोरी, सही नापतौल, खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग, मूल्य वजन, एक्सपायरी तिथि, सायबर क्राइम, सेवा में कमी, हर खरीदी पर बिल लेने, बिजली विभाग एवं विभागों से संबंधित विषयों पर चर्चा की। मुख्य अतिथि राकेश ठाकुर ने कहा कि व्यक्ति जन्म के पूर्व व्यक्ति मां के गर्भ से ही उपभोक्ता बन जाता है। आज पग-पग पर उपभोक्ता को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा ठगे जाने की पूरी संभावना रहती है। इसके लिए प्रत्येक उपभोक्ता को संबंधित कानून की प्रारंभिक जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जन-जन तक जागरूकता लाने ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। अतिथियों ने उपभोक्ता फोरम में मामले दायर करने एवं निराकरण करने पर अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम में नए सदस्य बनाने पर जोर दिया गया और जागरूकता के लिए घर-घर पहुंचकर अंतिम छोर तक कार्यकर्ताओं से कार्य करने कहा गया। कार्यक्रम में राजेंद्र लाड़ेकर, मनोज वर्मा, बल्ली रुचनदानी, निखिल नागवंशी, गोल्डी शर्मा, खुशबू, नेहा, मनोज सिन्हं, भुनेश्वर वर्मा, नंदू साहू, टिकेंद्र साहू, जोरावर सिंह, मोहित देवांगन सहित संगठन के कार्यकर्ता एवं आम नागरिक मौजूद रहे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में अंपायर लायंस इलेवन बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसंतपुर जूनियर सांई क्लब के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित प्रतियोगिता में शहरी क्षेत्र से दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव और ग्रामीण क्षेत्रों से मोहला-मानपुर-चौकी, अर्जुनी, डोंगरगांव, सुरगी के लगभग 90 प्रतिभावान खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट का संचालन गगनदीप चीमा एवं गोपी यादव के नेतृत्व में किया गया। वहीं अंपायर के रूप में दुर्गेश साहू, कनक साहू, लुकेश साहू एवं लाल बहादुर ने अपनी भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में साई क्लब के खिलाड़ियों एवं सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री सुनील सेन, भाजपा कार्यालय प्रभारी सुरेश साहू एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, समाजसेवी पीयूष चितलांग्या, भूपेश समेत अन्य उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला

एम्पायर लायंस इलेवन एवं विलेजर इलेवन के मध्य खेला गया। एम्पायर लायंस इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते 10 ओवर में 121 रन का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में विलेजर इलेवन की टीम ने शानदार संघर्ष करते 115 रन बनाए, लेकिन निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। इस प्रकार एम्पायर लायंस इलेवन ने 6 रन से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गौरव यादव को "मैन ऑफ द टूर्नामेंट" चुना गया।

## मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर व जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस, सघन कुष्ठ जांच अभियान और मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक मे तीनों महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रमों की तैयारियों व प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम तहत जिले में संचालित जनजागरूकता, प्रवर्तन व तंबाकू मुक्त वातावरण निर्माण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन, प्रचार पर प्रतिबंध सहित 18 साल से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक संबंधी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध के प्रभावी क्रियांवयन, नियमित निरीक्षण व चालानी कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने चयनित ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, महिला स्व-सहायता समूहों, शिक्षकों, युवाओं तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सहभागिता से तंबाकू मुक्त वातावरण विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम स्तर पर शपथ कार्यक्रम, जनजागरूकता अभियान, चेतावनी बोर्ड स्थापना तथा तंबाकू उत्पादों की उपलब्धता पर निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता बताई, ताकि चयनित ग्राम पंचायतों को आदर्श तंबाकू मुक्त ग्राम के रूप में विकसित किया जा सके।

### सीटी व घंटी बजाकर करेंगे जागरूक

मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के बारहवें चरण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय-सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन ने बताया कि अभियान जिले के 116 ग्रामों में संचालित किया जाएगा, जिसमें लगभग 64 हजार आबादी को शामिल किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए 216 सर्वे दल व 12 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक दल में आरएचओ अथवा सीएचओ के साथ एक मितानिन को शामिल किया गया है। 15 जून से आरंभ हो रहे मलेरिया मुक्त अभियान दौरान घर-घर पहुंचकर आरडी किट के माध्यम से मलेरिया की जांच की जाएगी। मलेरिया पॉजिटिव मरीजों का तत्काल उपचार सुनिश्चित करने के साथ उपचार पूर्ण होने के बाद फॉलोअप स्लाइड भी तैयार किया जाएगा। इसके अलावा सोर्स नियंत्रण गतिविधियां, मच्छरदानी के उपयोग के प्रति जागरूकता सहित जनसंपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। चयनित ग्रामों में मितानिनों द्वारा रैलियां निकाली जाएंगी और प्रतिदिन शाम 7 बजे सीटी घंटी बजाकर मच्छरदानी उपयोग के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। दीवार लेखन, पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### 28 से 30 जून तक पल्स पोलियो अभियान

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। यह अभियान 28 जून से 30 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के प्रथम दिन 28 जून को निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी, जबकि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य दल घर-घर पहुंचकर बच्चों को दवा पिलाएंगे। कलेक्टर ने अभियान के प्रभावी संचालन के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना, प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित आवश्यक संसाधनों की समीक्षा करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जिले में 15 जून से सघन कुष्ठ रोग जांच अभियान भी संचालित होगा। बैठक में जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा, डीपीएम सोनल धुरव, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बोधन परते, वीबीडी सुपरवाइजर विवेक मेश्राम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## खनिज का अवैध परिवहन व उत्खनन, 5 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुमडीबोड़, किरगी, भानपुरी, डुमरडीहकला, घुमका, कलेवा, पटेवा, झुरलाखुर्द, भटगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम झुरलाखुर्द एवं तुमड़ीबोड में मुरूम, रेत, चूना पत्थर गिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने पर 5 वाहनों को जब्त किया गया। इसके तहत ग्राम झुरलाखुर्द में खैरागढ़ निवासी बब्बू खान के स्वामित्व की जेसीबी सीजी-08-एएन-3872 से ग्राम संडी निवासी वाहन चालक दिनेश वर्मा, हाईवा सीजी-08-एल-3263 से ग्राम कुहकाबोड निवासी वाहन चालक हुलास वर्मा एवं माजदा क्रमांक सीजी-08-एएच-0546 से ग्राम मानपुर निवासी वाहन चालक समद खान द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना घुमका को सुपुर्द किया गया।

इसी तरह ग्राम सोनबरसा में ग्राम पटेवा निवासी ललित धनकर के स्वामित्व की माजदा क्रमांक सीजी-08-एएक्स-2371 से ग्राम अवेली निवासी वाहन चालक रूपचंद द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना घुमका को सुपुर्द किया गया। ग्राम तुमड़ीबोड में डोंगरगांव निवासी पिन्टू गुप्ता के स्वामित्व की हाईवा क्रमांक सीजी-07-बीएफ-8125 से ग्राम अरसीटोला निवासी वाहन चालक अमित यादव द्वारा चूना पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना तुमड़ीबोड को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है।

## ग्रामीणों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया बायो फ्यूल कम्पनी का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के सोमनी क्षेत्र स्थित न्यू लुक बायो फ्यूल कम्पनी के खिलाफ ग्रामीणों के साथ कांग्रेस नेताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। आंदोलन में शामिल ग्रामीणों ने कंपनी के संचालन, पर्यावरणीय प्रभाव, जल संकट और स्थानीय लोगों की सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दे उठाते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि कंपनी को दी गई एनओसी एवं अन्य स्वीकृतियों की प्रक्रिया संदेह के घेरे में है। पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। सभी स्वीकृतियां नियमानुसार प्राप्त की गई है, तो संबंधित दस्तावेजों को सार्वजनिक कर जनता के सामने रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में पेयजल संकट की स्थिति बनी हुई है। जबकि कंपनी परिसर में कई बोरवेल लगातार संचालित किए जा रहे हैं। कुछ क्षेत्रों के पानी में डीजल जैसी गंध महसूस की जा रही है। जिससे जल प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी चिंताए बढ़ गई है।




### अभद्र व्यवहार की शिकायत

प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने सुरक्षा से जुड़े मुद्दे उठाए। कंपनी से जुड़े कुछ कर्मचारियों द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार एवं छेड़छाड़ की घटनाएं हुई है। प्रदर्शनकारियों ने इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### शिकायतों पर गंभीर नहीं होने का आरोप

जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने कहा कि आज का आंदोलन जनता की पीड़ा और आक्रोश की आवाज है। लंबे समय से ग्रामीण अपनी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। यही कारण है कि हजारों लोग आज सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी ऐसी गतिविधि को स्वीकार नहीं किया जा सकता, जो गांवों के जल स्रोतों, किसानों की आजीविका और आम लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा पैदा करे।

## पुलिस की सजगता से बच्ची सकुशल मिली

राजनांदगांव। गांव में भटक रही अकेली बच्ची के संबंध में पतासाजी कर उसे सकुशल परिजनों से मिलाया। जिससे परिजनों में खुशी का वातावरण व्याप्त हो गई।

पुलिस के अनुसार 9 जून को ग्राम सुकुलदैहान में एक लगभग 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची अकेली घूमती हुई पाई गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस चौकी सुकुलदैहान को दी गई। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस चौकी सुकुलदैहान द्वारा तत्काल बच्ची को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अभिरक्षा में लेकर चौकी लाया गया तथा उससे आत्मीयतापूर्वक पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान बच्ची ने अपना निवास जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई केसीजी क्षेत्र का होना बताया।

### भटककर गांव पहुंच गई थी

पूछताछ के दौरान माता-पिता ने बताया कि उनकी पुत्री ठेलकाडीह क्षेत्र से भटककर सुकुलदैहान की ओर चली गई थी तथा वे उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने थाना ठेलकाडीह जाने वाले थे। पहचान एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण किए जाने के उपरांत नाबालिग बच्ची को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी पुत्री को सुरक्षित पाकर माता-पिता ने पुलिस चौकी सुकुलदैहान थाना लालबाग पुलिस की संवेदनशीलता, तत्परता एवं सजग कार्यप्रणाली की सराहना करते राजनांदगांव पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

### परिजनों की पुलिस ने की तलाश

मामले की गंभीरता को देखते पुलिस चौकी सुकुलदैहान द्वारा तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आवश्यक एवं उचित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में बच्ची के परिजनों की तलाश प्रारंभ की गई। सतत प्रयासों के फलस्वरूप बच्ची के माता-पिता से संपर्क स्थापित कर उन्हें पुलिस चौकी सुकुलदैहान बुलाया गया।

## इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सस्टेनेबल इंडिया अवार्ड का आयोजन

राजनांदगांव। आईआईटी इंडियन इंस्टिट्यूट भिलाई कैंपस एवं श्री अरविंदो योगा एण्ड नॉलेज फाउंडेशन फुंडा के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सस्टेनेबल इंडिया अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया सुदेश पटेल ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से कार्बन नियंत्रण के लिए कृषि क्षेत्र की संभावनाओं एवं जल संवर्धन हेतु भागीदारी के संबंध में जानकारी दी गई। छुरिया विकासखंड के ग्राम घुपसाल कु में जल नियंत्रण एवं कार्बन नियंत्रण पर फसल विविधिकरण कर 100 प्रतिशत रबी फसल में धान के बदले मक्का की खेती के संबंध में बताया। मक्का की खेती से कार्बन नियंत्रण पर महत्वपूर्ण योगदान मिला। ग्रीष्मकाल में धान के बदले अन्य फसल लेने एवं जन संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डायरेक्टर डॉ. मजूमदार, आईआईटी खड़कपुर के डॉ. महिर विश्वास, मैनेजिंग डायरेक्टर आईआईटी भिलाई डॉ. राजीव प्रकाश, डायरेक्टर नीट रायपुर डॉ. एनवी रमन्ना राव, डॉ. टॉम स्माहोन, डॉ.एसएन घोष उपस्थित रहे।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सूची जारी

राजनांदगांव। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. देवेन्द्र कश्यप तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. निलेश सिंह ने जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं 16 मंडलों की सूची जारी की है।

जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक के रूप में डॉ. निलेश सिंह, सह-संयोजक डॉ. चंद्रेश साहू, डॉ. पीडी मानिकपुरी, डॉ. आलोक भट्टाचार्य, डॉ. जितेन्द्र तिवारी, डॉ. लोकेश चंद्राकर, डॉ. हरिश्चन्द्र साहू, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक तिवारी, डॉ. कामेश साहू को शामिल किया गया है।

राजनांदगांव उत्तर मंडल संयोजक डॉ. प्रमोद साहू, दक्षिण मंडल संयोजक डॉ. यशवंत कुमार साहू, ग्रामीण पूर्व संयोजक डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, ग्रामीण पश्चिम संयोजक डॉ. गुणीत साहू, डोंगरगढ़ शहर संयोजक डॉ. राजेश राघोत्रे, डोंगरगढ़ ग्रामीण संयोजक डॉ. मोरध्वज वर्मा, घुमका संयोजक डॉ. लक्ष्मण वर्मा, तिलई संयोजक डॉ. नारायण मानिकपुरी, डोंगरगांव शहर संयोजक डॉ. ललित रामटेके, डोंगरगांव ग्रामीण संयोजक डॉ. फग्गू पटेल, मुसरा-मुरमुंदा संयोजक डॉ. श्यामलाल साहू, तुमड़ीबोड़ संयोजक डॉ. भुपेन्द्र वर्मा, अर्जुनी संयोजक डॉ. टीमेश्वर साहू, लालबहादुर नगर संयोजक डॉ. उत्तम कुमार विश्वास, छुरिया संयोजक डॉ. हेमंत कुमार लड़े, कुमर्दा संयोजक डॉ. हेमंत बनपेला, गैंदाटोला संयोजक डॉ. अश्वनी कुमार साहू को शामिल किया गया है।

भाजपा द्वारा संगठन के विस्तार एवं समाज के विभिन्न वर्गों तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिकित्सा प्रकोष्ठ की नई टीम की घोषणा की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने विश्वास व्यक्त किया है कि चिकित्सा प्रकोष्ठ संगठन की नीतियों एवं सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में भूमिका निभाएगा।

## जिला अधिवक्ता संघ की आमसभा, कार्यकारिणी में 30 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रस्ताव पारित

राजनांदगांव। बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ की आमसभा आयोजित की गई। जिसमें राज्य विधिज्ञ परिषद् के सदस्य एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष प्रशांत तिवारी उपस्थित रहे। आमसभा में वर्ष 2024-2026 के आय-व्यय के साथ ही अन्य विषयों पर चर्चा कर आम सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कार्यकारिणी में 30 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रस्ताव पारित कर कोषाध्यक्ष का पद केवल महिला के लिए आरक्षित किया गया। अधिवक्ता संघ की आमसभा में आगामी चुनाव संचालन के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता गुणेन्द्र साव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में डीएल हिरवानी एवं अनुराधा वैष्णव को चुना गया।

### 14 जुलाई को मतदान


आमसभा में जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव के लिए मतदान आगामी 14 जुलाई को होगा। वहीं 15 जुलाई को मतगणना होगी। चुनाव से संबंधित शिकायत पर अपीलीय अधिकारी के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता एचबी गाजी, अशोक महोबिया एवं बीएन ठाकुर को नियुक्त किया गया है।

### अनुशासित बार के रूप में छवि

राज्य विधिज्ञ परिषद एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष प्रशांत तिवारी ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि जिला अधिवक्ता संघ में बिना किसी वाद-विवाद के 30 प्रतिशत आरक्षण एवं कोषाध्यक्ष के पद पर महिला अधिवक्ता का नाम पारित किया गया, जो सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार है। उन्होंने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगांव की छवि संपूर्ण प्रदेश में एक अनुशासित बार के रूप में जाना जाता है। हम सब एक साथ होकर अधिवक्ता संघ के कल्याण के कार्य में लगे रहे। उन्होंने कहा कि राज्य विधिज्ञ परिषद की ओर से जो भी सहयोग जिला अधिवक्ता संघ को मिलना चाहिए, इस हेतु प्रयासरत रहूंगा। आमसभा का संचालन जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगांव के सचिव राजेश खांडेकर द्वारा किया गया।

## आयुक्त ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

राजनांदगांव। शासन निर्देशानुसार वार्डों में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्य तथा निगम द्वारा संचालित अन्य व्यवस्था के निरीक्षण एवं उसके सफल क्रियान्वयन के लिए वार्डवार नियुक्त प्रभारी नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने वार्डवार प्रगति की जानकारी ली। बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव के निर्देशानुसार वार्डों में निकाय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का सफल क्रियान्वयन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी एवं सहायक प्रभारी नियुक्त के कामकाज की समीक्षा सचिव द्वारा आगामी दिनों में प्रस्तावित राजनांदगांव भ्रमण के दौरान की जानी है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज बैठक बुलाई गई है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि पहली बैठक में अपने-अपने प्रभारित वार्ड में सुबह निरीक्षण कर वार्ड की सम्पूर्ण जानकारी तैयार करने कहा गया था। उन्होंने नोडल अधिकारियों से वार्ड भ्रमण के दौरान किए जा रहे कार्य एवं व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। साफ-सफाई में विशेष ध्यान देना है, कर्मचारियों की उपस्थिति, रोड, नाली की सफाई की स्थिति के अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के पालन, डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं सोर्स पर कचरा पृथक्कीयकरण, एसएलआरएम सेन्टर वेस्ट प्रोसेसिंग कार्यों व वेस्ट टू कम्पोस्ट प्लांट सी एंड प्लांट के कार्यों का निरीक्षण-पर्यवेक्षण करना है।


सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के
12 साल
पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में
निरंतर 9000+ दिनों के नेतृत्व एवं जनसेवा
के ऐतिहासिक पड़ाव पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मोदी सरकार के
12 वर्षों की विकास यात्रा
वर्ष
विश्वास के
विकास के
जन-कल्याण के


सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के
12 साल
पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई
सचिन बघेल
अध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव


10 जून 2026 को
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में
निरंतर 9000+ दिनों के
नेतृत्व एवं जनसेवा
के ऐतिहासिक पड़ाव पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
संतोष अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष - जिला भाजपा, राजनांदगांव


सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के
12 साल
पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई
अमर ललवानी
मीडिया प्रभारी - जिला भाजपा, राजनांदगांव


सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के
12 साल
पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई
राजेश श्यामकर
पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव


सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के
12 साल
पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई
जितेन्द्र साहू
उपाध्यक्ष, जिला भाजयुमो, अध्यक्ष, सरपंच संघ, राजनांदगांव
सरपंच, ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द


10 जून 2026 को
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में
निरंतर 9000+ दिनों के
नेतृत्व एवं जनसेवा
के ऐतिहासिक पड़ाव पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
हेमंत शेखर यादव
पार्षद- नगर निगम, राजनांदगांव


सेवा | सुशासन | समर्पण | राष्ट्र प्रथम
10 जून 2026 को
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में
निरंतर 9000+ दिनों के नेतृत्व एवं जनसेवा
के ऐतिहासिक पड़ाव पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
साकेत वैष्णव (दाऊ) सभापति, संचार एवं संकर्म विभाग जनपद पंचायत राजनांदगांव

## सार समाचार

### दुर्ग में प्रकरणों की सुनवाई 18 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक, सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग रायपुर को दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से प्राप्त महिलाओं के उत्पीडऩ से संबंधित 49 प्रकरणों की सुनवाई 18 जून को सुबह 11 बजे प्रेरणा सभाकक्ष बालगृह परिसर 5 बिल्डिंग महिला बाल विकास कार्यालय दुर्ग में की जाएगी। प्रकरणों से संबंधित आवेदक व अनावेदक को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने कहा गया है।

### अचल संपत्ति को नष्ट होने से बचाने की मांग : जैन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर्स संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन ने नगर निगम आयुक्त का ध्यान निगम की अचल संपत्ति को नष्ट होने से बचाने तथा उनके जीर्णोद्धार एवं रख-रखाव की मांग की। डॉ. जैन ने बताया कि नगर निगम कार्यालय में निगम की चल-अचल संपत्ति का अभिलेख रहता है तथा समय-समय पर उसके अनुसार अचल संपत्ति की जांच और सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्रवाई होना चाहिए, परंतु देखा गया है कि अचल संपत्ति की सुरक्षा एवं जीर्णोद्धार की कार्रवाई नगर निगम इंजीनियर एवं पटवारी द्वारा नहीं किया जा रहा है। डॉ. जैन ने नगर निगम आयुक्त से अचल संपत्ति की सुरक्षा, संचालन, जीर्णोद्धार तथा उस पर किए गए अतिक्रमण को शीघ्र-अतिशीघ्र हटाने की मांग की है।

### एक्सटेंशन के खेल की जांच की मांग : ओस्तवाल

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री हेमंत ओस्तवाल ने 27 वार्ड का सफाई ठेका 15 माह से बिना टेंडर लगाए एक्सटेंशन के खेल की जांच के लिए कलेक्टर से मांग की।



श्री ओस्तवाल ने कलेक्टर एवं नगरीय प्रशासन संचालक से मांग करते कहा कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव में वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग पिछले 15 माह से अधिक लगभग 27 वार्डों का जो एक ही समूह से बिना टेंडर कराए एक्सटेंशन एमआईसी में बढ़ाकर शासन के नियम विरूद्ध निगम आयुक्त/ स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता आदि द्वारा जो महिला समूह के सफाई ठेके की आड़ में जो शासन को आर्थिक वित्तीय हानि पहुंचाकर भ्रष्टाचार हो रहा है? और शासन के नियम में एक्सटेंशन कितने माह तक बढ़ाकर दिया जा सकता है और नगर पालिक निगम द्वारा सफाई एक्सटेंशन कितने माह से बढ़ाया जा रहा है, उसकी संपूर्ण सफाई ठेके के वार्ड और उक्त समूह, जिसको सफाई ठेके का कार्यादेश निगम आयुक्त द्वारा जारी किया गया और संबंधित समूह से जो अनुबंध शासन के नियमानुसार हुआ है, उस अनुबंध का बिंदुवार पालन निगम आयुक्त शासन के नियमों का पालन हुआ है या शासन के नियम विरूद्ध उक्त सफाई ठेके का संचालन करवाया जा रहा है, उसकी जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाई जाए।

### भृगु मुनि सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की मांग

**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच एवं सर्व हिंदू समाज की ओर से सांसद संतोष पांडे को दुर्ग से बनारस एवं बलिया तक एक नई सुपरफास्ट ट्रेन प्रारंभ कराने हेतु निवेदन किया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि छत्तीसगढ़ विशेषकर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र सहित प्रदेशभर के हजारों श्रद्धालु प्रत्येक वर्ष अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के पश्चात अस्थि विसर्जन, पिंडदान, श्राद्ध कर्म तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए वाराणसी, गया तथा पवित्र गंगा नदी के तटों पर जाते हैं। वर्तमान में इन स्थानों के लिए सीधी रेल सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती है। जिससे समय एवं धन दोनों की अतिरिक्त हानि होती है तथा यात्रियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हिंदू जागरण मंच ने मांग की है कि महर्षि भृगु की पावन स्मृति में "भृगु मुनि सुपरफास्ट एक्सप्रेस" नाम से एक नई ट्रेन प्रारंभ की जाए, जो दुर्ग जंक्शन–राजनांदगांव–गोंदिया–जबलपुर–प्रयागराज–वाराणसी–बलिया मार्ग से संचालित हो। इस ट्रेन के संचालन से छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्राओं हेतु सीधी एवं सुगम रेल सुविधा प्राप्त होगी।

### गैस के दाम में लूट, कम भी कर दिए छूट - कुसुम

**राजनांदगांव।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री अधिवक्ता कुसुम दुबे ने केंद्र सरकार द्वारा घरेलू गैस में 7 जून से 29 रुपए की बढ़ोत्तरी और



उज्जवला गैस योजना के हितग्राहियों के लिए सालाना मिलने वाले 9 सब्सिडी सिलेंडर को घटाकर 4 करने के निर्णय को नारी शक्ति के साथ अन्याय बताया है, क्योंकि कामर्शियल गैस में मई-जून माह में 1035 रुपए की बढ़ोत्तरी महंगाई की मार से सर्वहारा वर्ग झुलस गया है। महामंत्री कुसुम दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के लिए लागू योजनाएं प्रताड़ना का ही पर्याय बन गई है। जैसे उज्जवला गैस योजना के नाम पर भाजपा सरकार मात्र महिलाओं को छलने का ही काम करती रही है। महंगाई की वजह से रिफलिंग नहीं कराए जाने के कारण वर्ष 24-25 में प्रति कनेक्शन रिफलिंग दर 4.43 व वर्ष 25-26 में 4.48 होने पर सरकार इसे औसत खपत 4 से 5 तय कर सरकार अपनी उपलब्धि हितग्राहियों की मितव्यवता बताकर प्रतिवर्ष 9 सब्सिडी सिलेंडर की जगह 4 देने का तुगलकी निर्णय लेते महंगाई की मार से त्रस्त जनता को 300 के दर से 2700 रुपए मिलने वाली सब्सिडी राशि को अब 1200 रुपए करते 1500 रुपए की कटौती कर दोहरी आर्थिक मार दे दी है। बार-बार केवाईसी के नाम से प्रताड़ित जनता को नियमित सब्सिडी की राशि भी नहीं मिल पा रही है।

### अल्पसंख्यक मोर्चा दक्षिण मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**राजनांदगांव।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा दक्षिण मंडल की नई कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की घोषणा 8 जून को भाजपा कार्यालय में विधिवत रूप से की गई।



कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ तथा शहर अध्यक्ष नदीम बड़गुजर उपस्थित रहे।

जारी सूची में शहर अध्यक्ष मोहम्मद नदीम बड़गुजर, शहर महामंत्री शैलेन्द्र सिंह, अयाज सोलंकी, शहर उपाध्यक्ष जियाउद्दीन, तरणजीत सिंह टूटेजा, अब्दुल जाहीद, फैजान गौरी, मुस्ताक खान, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, शहर मंत्री सुप्रीत सिंह बग्गा, हसन चौहान, मोहम्मद अनस जोया, सैय्यद रेहान, तनवीर सिंह भाटिया, सोशल मीडिया प्रभारी अकबर गौरी, मीडिया प्रभारी गुल दिल गुल खान, नासिर खान, कार्यालय प्रभारी अमन बीवा, कार्यकारिणी सदस्य विवेक जैन, तनवीर शेख, करन, विनीत गोलछा, आयुष, दुष्यंत, बबलू, आशिष, बंटी तथा सोनू को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। सदस्यों ने संगठन हित में कार्य करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**आवश्यकता है**

**अनुदेशक (इलेक्ट्रिशियन)**
**योग्यता : बी.ई/डिप्लोमा/आई.टी.आई.**
इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिवस के अंदर आवेदन करें। वेतन योग्यतानुसार।
**कमलादेवी प्राईवेट आई.टी.आई.**
अंबागढ़ चौकी रोड़ मोहड़, डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 9098826123, 9893176801, ईमेल-kamladeviiti55@gmail.com

# मोहर्रम में शेर बनकर नाचने का विरोध, डीजे पर भी जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहर्रम के 10 दिनों में शेर बनकर नाचने का प्रचलन है। जिसको लेकर बीते कुछ वर्षों में हुड़दगियों द्वारा इसे मनोरंजन का साधन बनते शेर बनकर कानून व्यवस्था को प्रभावित किया जा रहा है । इस मामले में अब मुस्लिम समाज आगे आया है और एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी के नाम एएसपी को ज्ञापन सौंपते कहा कि मुहर्रम के दौरान शेर बनना, बाजा-धुमाल, हथियारों का प्रदर्शन और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। वहीं दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो। मोहर्रम में कुछ लोग शेर बनकर दरगाह एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर जाते हैं। इस दौरान शेर बनने की आड़ में कई बार हुड़दंग, सार्वजनिक अशांति, महिलाओं से छेड़छाड़ वाली घटनाएं भी सामने आती है।

#### समाज ने जताई आपत्ति

मुस्लिम समाज के लोगों ने शेर बनने के बाद शहर के रानीसागर स्थित अटल सैय्यद की दरगाह पर अर्धनग्न अवस्था में जाने वाले लोगों को दरगाह के भीतर प्रवेश से रोकने पुलिस और प्रशासन से मांग की है। वहीं दरगाह के भीतर शेर बनने वाला व्यक्ति शराब सेवन कर प्रवेश करता है। जिससे धार्मिक भावना आहत होती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान हाजी रशीद, मो. इब्राहिम, हसन भाई, सैय्यद अफजल अली, फिरोज सौदागर, ताहिर जोया, ओवैस सोलंकी, मोहम्मद अमन, मोहम्मद सकलेन, अनस गौरी, ओवैस मेमन, मकसूद आलम सहित अन्य उपस्थित थे।



#### इस्लामी शरीयत का हिस्सा नहीं

समाज के लोगों ने कहा कि मुहर्रम इस्लाम में हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की कुर्बानियों को याद करने का महीना है। शेर बनने की प्रथा इस्लामी शिक्षा एवं शरीयत का हिस्सा नहीं है। इस प्रकार की गतिविधियां समाज में गलत संदेश देती है। वहीं मुहर्रम के दौरान शेर बनने की प्रथा पर बाजा-धुमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने मांग की है।

#### कानून व्यवस्था प्रभावित

मुस्लिम समाज जामा मस्जिद के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कि बीते दिनों भिलाई और बिलासपुर में उर्स के दौरान काफी हुड़दंग हुआ था। जिसमें कई लोग शराब के नशे में थे। वहीं तेज आवाज में फूहड़ गाना बजाया जा रहा था। जिसमें वक्फ बोर्ड ने संज्ञान लिया था और ऐसे कृत्यों पर प्रतिबंध लगाने पूरे प्रदेश में सर्कुलर जारी किया गया था। जिसमें रात 11 बजे के बाद डीजे बजाने पर 50 हजार रुपए जुर्माना लगाने आदेश भी जारी हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले मोहर्रम में भी शेर बनकर ऐसा ही कृत्य किया जाता है, शेर बनने वाले हथियार लेकर सड़क पर नाचते हैं। जिससे यातायात बाधित होता है और लड़ाई झगड़े की स्थिति भी बनती है।

## प्रवेश परीक्षा सुबह 10 बजे से 12.15 तक होगी संचालित

# प्री-बीएड-बीएससी नर्सिंग की 15 सेंटर में प्रवेश परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा कल गुरुवार को शहर में दो बड़ी प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा 2026 और चिकित्सा शिक्षा आयुक्तालय के तहत बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। दोनों ही महत्वपूर्ण परीक्षाएं सुबह की पाली में आयोजित की जा रही है। बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजकर 15 मिनट तक संचालित होगी।

परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन और व्यापम ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए राजनांदगांव शहर में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए शहर में कुल 5 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। बीएससी नर्सिंग परीक्षा के लिए राजनांदगांव जिले में कुल 1202 परीक्षार्थियों के लिए सीटें आवंटित की गई है। जिसके लिए केंद्रों पर 1220 ओएमआर शीट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।



#### प्री-बीएड परीक्षा के लिए 10 केंद्र

प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए राजनांदगांव में शासकीय दिग्विजय पीजी कॉलेज, शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय कौरिनभाठा और शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय गौरव पथ को केंद्र बनाया गया है। इसके साथ ही शासकीय मल्टीपरपज हायर सेकंडरी स्कूल, बसंतपुर स्थित शासकीय बलदेव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गौरवपथ स्थित पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी परीक्षा आयोजित होगी। अन्य केंद्रों में सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जीई रोड स्थित ठाकुर प्यारेलाल सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शंकरपुर स्थित शासकीय जीएमएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल है।

#### बीएससी नर्सिंग के पांच परीक्षा केंद्र

शहर में पांच संस्थानों को परीक्षा केंद्र के रूप में तैयार किया गया है। इन केंद्रों में शासकीय हाई स्कूल पनेका, ट्रांसपोर्ट नगर पेंड्री स्थित मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक और केशर नगर स्थित जेएलएम गायत्री विद्यापीठ शामिल हैं। इसके अलावा अनुपम नगर स्थित श्री गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और लालबाग स्थित वाईडनियर मेमोरियल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इन परीक्षा केंद्रों में जेएलएम गायत्री विद्यापीठ और श्री गुरुनानक स्कूल में सर्वाधिक 360-360 सीटें आवंटित की गई है। जबकि वाईडनियर मेमोरियल स्कूल में 122 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था है।

# मारपीट और धमकी देकर उगाही, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

मवेशी ले जाने की बात पर रास्ता रोककर गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देकर 36,000 रुपए की उगाही करने वाले 5 आरोपी एवं 4 अपचारी बालक के विरूद्व पुलिस ने कार्रवाई की है।

प्रार्थी सागर तुरकर 26 वर्ष निवासी कोलियाटोला थाना मलाजखंड जिला बालाघाट (मप्र) ने 8 जून को थाना साल्हेवारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने 7 जून को गंडई मवेशी बाजार से खेती-किसानी के लिए 5 बैल खरीदे थे। बैलों को लेकर पैदल अपने घर जाते समय गोपालटोला एवं भाजीडोंगरी के मध्य पुलिया के पास कुछ युवकों एवं अपचारी बालकों ने उनका रास्ता रोक लिया। बैलों के संबंध में पूछताछ करने पर प्रार्थी द्वारा खेती हेतु खरीदे गए बैलों के दस्तावेज दिखाए गए, लेकिन आरोपियों ने उन्हें मवेशी तस्कर बताते 1,00,000 रुपए की अवैध मांग की।



प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं होने की बात कहने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी दी तथा हाथ-मुक्कों एवं डंडों से मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी के फोन-पे खाते से जबरन 30,000 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कराए तथा उसके रिश्तेदार से भी 6,000 रुपए मंगवाकर कुल 36,000 रुपए की उगाही की।

रिपोर्ट पर थाना साल्हेवारा में धारा 126(2), 296, 351(2), 115, 191(2) एवं 308(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों एवं अपचारी बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 मोटर साइकिल, 4 मोबाइल फोन एवं उगाही की राशि में से 27,500 रुपए नगद जब्त किए गए। अपराध के पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर 9 जून को आरोपी संजू कुमार केकती 19 वर्ष, दिनेश नेताम 20 वर्ष, रिवन नेताम 26 वर्ष, फलचंद मेहरा 26 वर्ष, लक्ष्मण यादव 20 वर्ष एवं 4 अपचारी बालकों को भी अभिरक्षा में लिया गया है।

# लॉज संचालक ने पुलिस के साथ किया विवाद, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होटल लॉज चेकिंग के दौरान सहयोग नहीं करने एवं शांति व्यवस्था भंग करने पर कैलाश लॉज के संचालक के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 जून को होटल एवं लॉज चेकिंग अभियान के दौरान पुराना बस स्टैंड स्थित कैलाश लॉज में निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान लॉज में ठहरे व्यक्तियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रवेश (एंट्री) रजिस्टर प्रस्तुत करने कहा गया। इस पर लॉज संचालक गुंजन जैन द्वारा रजिस्टर दिखाने से इंकार किया गया तथा पुलिस कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करते यह कहने लगा कि किसने पुलिस में शिकायत की है, उसे देख लूंगा।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस द्वारा समझाइश देने के बावजूद वह आक्रोशित होकर अभद्र व्यवहार करने लगा तथा गाली-गलौज एवं धक्का-मुक्की करने पर उतारू हो गया। उसके इस कृत्य से मौके पर शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति निर्मित हो गई। परिस्थितियों को देखते अनावेदक के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर धारा 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई तथा उसे कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

#### आग की लपटों से 5 मवेशियों को पुलिस ने बचाया

**गंडई।** आग लगने से घर के कोठे में बंधे पांच मवेशी आग की चपेट में आ रहे थे, जिन्हें सुझबूझ के साथ डायल-112 के आरक्षक भूपेन्द्र नेतावां ने बचाया। 9 जून को रात्रि लगभग 10.50 बजे डायल-112 को सूचना प्राप्त हुई कि टिकरीपारा गंडई निवासी सुकालु यादव के घर में आग लग गई है तथा कोठे में बंधे मवेशी आग की चपेट में फंसे हुए हैं। डायल-112 में तैनात आरक्षक भूपेन्द्र नेताम तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने साहस, तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते ग्रामीणों के सहयोग से आग की लपटों में फंसे 5 मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाला तथा आग पर काबू पाने के प्रयासों में भूमिका निभाई।

# अवैध रूप से शराब बिक्री, 21 पौवा बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर 21 पौवा शेरा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 9 जून को चौकी तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर सतलुज ढाबा के बगल ग्राम नाथूनवागांव जाने का रास्ता के पास रेड कार्रवाई की गई। घेराबंदी कर आरोपी मोती वर्मा के कब्जे से सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में कुल 21 पौवा शेरा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 750 रुपए कुल जुमला कीमती 2430 रुपए को गवाहों के समक्ष विधिवत जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्व धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# सोमनी कांड में दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमनी थाना प्रकरण में कथित पुलिस दुर्व्यवहार, कार्रवाई में लापरवाही और स्वास्थ्य विभाग की संदिग्ध भूमिका के मुद्दे को लेकर मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय पहुंचकर जोरदार विरोध दर्ज कराया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस महानिरीक्षक बालाजी सोमावार को ज्ञापन सौंपते पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान श्री मुदलियार ने कांग्रेस नेताओं के फोन टैप किए जाने के आरोप भी लगाए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 25 मई 2026 को एक बीमार किशोरी को सोमनी थाना पुलिस द्वारा रिश्तेदार के घर से थाना लाकर उसके साथ कथित रूप से अमानवीय व्यवहार किया गया।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि थाना स्तर से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक की कार्रवाई कई गंभीर सवाल खड़े करती है। जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।



#### विस अध्यक्ष दफ्तर का करेंगे घेराव

उन्होंने कहा कि यदि सोमनी थाना प्रकरण में जल्द और कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो शहर जिला कांग्रेस कमेटी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी तथा विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस इस मामले को दबने नहीं देगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तक संघर्ष जारी रखेगी।

#### कार्रवाई में देरी क्यों?

श्री मुदलियार ने कहा कि पीड़िता ने एक सिविल ड्रेस में आए पुलिस अधिकारी पर भी अभद्र व्यवहार और दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं। ऐसे में थाना के सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरी सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि यह सार्वजनिक किया जाए कि घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को कब मिली और यदि जानकारी पहले से थी तो कार्रवाई में देरी क्यों हुई।

#### कीट सप्लायर पर कार्रवाई नहीं

कांग्रेस ने मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपयोग की गई गर्भ जांच कीट की गुणवत्ता, खरीदी प्रक्रिया और आपूर्ति व्यवस्था की भी निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या अमानक सामग्री की आपूर्ति प्रमाणित होती है तो संबंधित आपूर्तिकर्ता और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। श्री मुदलियार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता, अधिकारी तथा कुछ पत्रकारों के मोबाइल फोन अनुचित तरीके से टैप किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हो रहा है तो यह लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## भाजपा महिला मोर्चा ने की पदाधिकारियों की घोषणा

# मधु नांदगांव, एकलबाई डोंगरगांव मंडलअध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड ने महिला मोर्चा के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की है।

जिसमें डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष एकलबाई साहू, उपाध्यक्ष विभा हिरवानी, मनीषा साहू, मधु यदु, संतोषीमानिकपुरी, महामंत्री अनिता वाल्दे, चित्ररेखा, मंत्री ज्योति साहू, रानी तिवारी, महेश्वरी गंजीर, स्वाति पंसारी, कोषाध्यक्ष ममता उईके, मीडिया प्रभारी अंजना यादव, सोशल मीडिया प्रभारी नीलम चतुर्वेदी, बूथ मित्र प्रभारी कुमारी वैष्णव, सांस्कृतिक प्रभारी अनिता साहू, प्रवक्ता अरूणा पांडेय, कार्यालय प्रभारी कुंती आल्हा, मन की बात प्रमुख प्रतिभा पटेल शामिल हैं।

राजनांदगांव दक्षिण मंडल अध्यक्ष मधु बैद, उपाध्यक्ष शशि सहारे, मंजू यादव, संध्या वर्मा, कृतिप्रजापति, महामंत्री करूणा राजपूत, तूईशा वांदिले, मंत्री चंद्रिका साहू, प्रतिमा खंडेलवाल, लता यादव, भारतीय सोनकर, कृती साहू, कोषाध्यक्ष ज्योति जैन, मीडिया प्रभारी ज्योति सहारे, सोशल मीडिया प्रभारी अनिता सिन्हा, सह-सोशल मीडिया प्रभारी उतरा दामले, बूथ मित्र प्रभारी लता यादव, सांस्कृतिक प्रभारी अमृता सिन्हा, प्रवक्ता गीताजंली साहू, कार्यालय पभारी दूर्गा साहू, मन की बात कार्यालय प्रभारी अर्चना अग्रवाल।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और सेवा भाव के आधार पर निरंतर आगे गढ़ रही है। महिला मोर्चा की

#### ग्रामीण पश्चिम मंडल में गायत्री अध्यक्ष

राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल अध्यक्ष गायत्री साहू, उपाध्यक्ष पूर्णिमा साहू, मीनाक्षी अंबादे, दुलारीबाई साहू, लता साहू, महामंत्री भुनेश्वरी साहू, मनीषा साहू, मंत्री मीना चतुर्वेदी, ममता ध्रुव, बिसंतीन नेताम, प्रभा साहू, टोमीन लाउने, कोषाध्यक्ष ज्योति भारद्वाज, मीडिया प्रभारी मिशा साहू, सोशल मीडिया प्रभारी सीमा साहू, मन की बात प्रमुख सोमिता साहू। अर्जुनी मंडल अध्यक्ष ममता पटेल, उपाध्यक्ष कविता साहू, मंजू साहू, नूतन साहू, फुलेश्वरी साहू, महामंत्री पूनम साहू, मंजू वैष्णव, मंत्री चम्पा धनकर, शैल साहू, उमा साहू, जयश्री राधा सोनकर, पूर्णिमा साहू, चंद्रकली साहू, कोषाध्यक्ष महेश्वरी निषाद, सह-कोषाध्यक्ष ललती निषाद, मीडिया प्रभारी चांदनी निषाद, सह-मीडिया प्रभारी लुकेश्वरी साहू, प्रवक्ता कल्याणी धनकर, सह-प्रवक्ता नीतू साहू, सोशल मीडिया प्रभारी पूजा वैष्णव, पदमनी साहू, बुधंमीन साहू, रेश्मी आदिवासी, कार्यालय मंत्री कामनी रामटेके, सांस्कृतिक कांति साहू, दुलारीबाई शामिल हैं।

# नाबालिग से कुकर्म आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 8 जून को थाना खैरागढ़ क्षेत्र के प्रार्थी द्वारा थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की को आरोपी अजय गुप्ता द्वारा नाबालिग जानते हुए बहला-फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पतासाजी कर आरोपी अजय गुप्ता 25 वर्ष को चंद घंटों में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर गंभीर धाराओं में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## पोंड़ी में वक्फ बोर्ड के दावे से बढ़ा विवाद, पट्टाधारक नहीं करा पा रहे रजिस्ट्री

# 150 साल पुराने शीतला मंदिर व सैकड़ों आवासीय भूखंड प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी

जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा कई भू-खंडों पर स्वामित्व का दावा किए जाने के बाद विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और हिंदू संगठनों ने वक्फ बोर्ड के दावे का विरोध करते हुए इसे स्थानीय लोगों के अधिकारों और धार्मिक आस्था से जुड़ा गंभीर मामला बताया है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव के भीतर स्थित खसरा नंबर 293/1 में लगभग 25 सौ वर्ग फुट क्षेत्र में जामा मस्जिद स्थापित है, जिसे वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज किया गया है।

हालांकि अब इसी खसरा सहित आसपास की करीब 7 एकड़ भूमि पर भी वक्फ बोर्ड द्वारा दावा किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। इस क्षेत्र में गांव की इष्टदेवी के रूप में पूजित लगभग 150 वर्ष पुराना शीतला मंदिर स्थित है, वहीं 100 से अधिक परिवार भी निवासरत हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में मुख्यमंत्री आवासीय पट्टा योजना के तहत खसरा नंबर 293 में निवासरत करीब 100 परिवारों को आवासीय पट्टे वितरित किए गए थे। पट्टा मिलने के बाद जब हितग्राहियों ने अपने नाम पर भूमि का पंजीयन कराने की प्रक्रिया शुरू की तो उन्हें जानकारी मिली कि संबंधित भूमि पर वक्फ बोर्ड ने दावा प्रस्तुत कर रखा है।

इस स्थिति के कारण पट्टाधारक न तो भूमि की रजिस्ट्री करा पा रहे हैं और न ही भूमि स्वामित्व से जुड़ी शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर पा रहे हैं। बैंक ऋण और अन्य वित्तीय सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2021 में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने पोंड़ी के विभिन्न खसरों को वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज कराने के लिए सार्वजनिक ईश्तहार जारी किया था। इसमें खसरा नंबर 273, 274, 293/1, 294/2, 295/1, 304, 307, 308, 309, 310, 311, 322, 331, 332, 334, 335 तथा 100 सहित कई भूमि खंडों को राजस्व अभिलेखों में वक्फ बोर्ड के नाम दर्ज कराने की मांग की गई थी। इस पर ग्रामीणों और हिंदू पक्ष ने तहसील न्यायालय में आपत्ति दर्ज कराई थी। आपत्ति में बताया गया कि संबंधित भूमि का बड़ा हिस्सा शासकीय रिकॉर्ड में मरघट, मंदिर, गौठान व ईदगाह तथा अन्य सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित है, जबकि कुछ भूमि निजी व्यक्तियों के नाम पर दर्ज है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके बावजूद वक्फ बोर्ड द्वारा इन भूमि खंडों पर दावा किया जाना उचित नहीं है।

### ग्रामीणों ने प्रशासन से की हस्तक्षेप की मांग



गांव के वरिष्ठ नागरिक जयराम साहू और रामावतार निषाद ने बताया कि गांव के ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने तहसील कार्यालय तथा कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर विवादित भूमि को वक्फ बोर्ड के नाम दर्ज नहीं किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि गांव में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लिए पहले से भूमि आरक्षित है और किसी भी भूमि के उपयोग को लेकर निर्णय स्थानीय स्तर पर सामाजिक सहमति और वैधानिक प्रक्रिया के तहत होना चाहिए। इसके साथ ही ग्रामीणों ने सख्त चेतावनी दिया कि अगर जल्द मांगे पूरी नहीं होता है तो सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन कि होंगी।

### गांव में तनाव का माहौल, समाधान की मांग

विवाद के चलते गांव में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बढ़ती आबादी को देखते हुए श्मशान और अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि भविष्य की आवश्यकता है। ऐसे में इन भूमि खंडों पर स्वामित्व को लेकर उत्पन्न विवाद का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए, ताकि सामाजिक सौहार्द और ग्रामीणों के अधिकार दोनों सुरक्षित रह सकें।

### नियम अनुसार कार्यवाही करेंगें

तहसीलदार हुलेश्वर पटेल ने बताया कि मस्जिद कि भूमि राजपत्र में 2500 लिखा है जिसमें ना तो वर्ग फिट और ना हेक्टेयर दर्शाया गया है। जिसमें वक्फ बोर्ड कि स्वामित्व है इस मामले में जांच चल रहा है। इस मामले पटवारी के माध्यम से जानकारी यह आई है कि 2500 वर्ग फिट जमीन मस्जिद के नाम पर है। फिलहाल रिपोर्ट तैयार कर रहे है, जिसमें नियम अनुसार कार्यवाई करेंगे।

बोड़ला तहसीलदार- हुलेश्वर पटेल

# सड़क निर्माण में पेड़ों की कटाई समिति ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



नगर में रेहुटा पेट्रोल पंप से रौहा तक सड़क निर्माण कार्य के दौरान हरे पेड़ों की शाखाएं काटे जाने का मामला सामने आया है। पर्यावरण संरक्षण समिति ने आरोप लगाया है कि सड़क किनारे लगे शीशम के पेड़ों की बड़ी-बड़ी शाखाओं को काटकर कांक्रीट सड़क निर्माण में स्टॉपर के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

समिति के अनुसार निर्माण कार्य में लगे लोगों द्वारा जेसीबी की मदद से पेड़ों की शाखाएं तोड़कर सड़क पर डाली जा रही हैं। जबकि सड़क की सुरक्षा के लिए निर्धारित स्टॉपर या अन्य वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए थी। भीषण गर्मी के दौर में हरे पेड़ों की कटाई को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

### बिना अनुमति कटाई का आरोप

समिति का कहना है कि सड़क किनारे लगे कीमती इमारती लकड़ी वाले हरे पेड़ों की शाखाएं बिना किसी वैधानिक अनुमति के काटी जा रही हैं। स्थानीय लोगों द्वारा आपत्ति जताने के बावजूद कार्य नहीं रोका गया। पर्यावरण संरक्षण समिति ने मामले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। समिति ने पेड़ों की कटाई में उपयोग किए जा रहे वाहनों को जब्त कर राजसात करने तथा पूरे मामले की जांच कराने की मांग प्रशासन से की है। समिति के सदस्य मोहन राजपूत, अनुराग सिंह, गोविंद रजक, राजीव श्रीवास्तव, मुकेश कौशिक, एसएल कुर्रे सहित अन्य सदस्यों ने शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### पीएम मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कुण्डा में मनाया सेवा-सुशासन दिवस



कुण्डा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा-सुशासन दिवस के तहत भाजपा मंडल कुण्डा द्वारा ग्राम पंचायत कुण्डा के 12 ज्योतिलिंग मंदिर परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश भाजपा के नेतृत्व में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के निदेशानुसार मण्डल प्रभारी रूपेश जैन एवं कार्यक्रम के संयोजक संतोष चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की शुरुआत महामृत्यु जाप के साथ हुई। महामृत्यु जाप पश्चात देवों के देव महादेव का महाआरती सम्पन्न हुआ, भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ से देश की सुख-समृद्धि, अखंडता, किसानों की समृद्धि एवं सभी नागरिकों के कल्याण की कामना की। मंडल के सभी पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर महाआरती में सहभागिता की। हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। साथ ही महाआरती के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को साकार करने हेतु मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के संदेश के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मंदिर परिसर एवं आसपास वृक्षारोपण किया गया। वही कार्यकर्ता ने अपनी मां के नाम से एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी व मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए

पंडरिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ब्लॉक के सभी छह मंडलों के लिए मंडल प्रभारी तथा ब्लॉक मीडिया प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने जिला महामंत्री के अनुमोदन के बाद तत्काल प्रभाव से नियुक्तियां जारी करते हुए बताया कि नई जिम्मेदारियों से संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त पदाधिकारी कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। नियुक्त मंडल प्रभारियों में पंडरिया शहर मंडल के लिए खोवाराम भास्कर, पंडरिया ग्रामीण मंडल के लिए संतोष चंद्रवंशी, पांडातराई मंडल के लिए नंदकुमार चंद्रवंशी, कुई-कुकदुर मंडल के लिए राजकुमार अनंत, किशुनगढ़ मंडल के लिए बाबूलाल साहू तथा दुल्लापुर मंडल के लिए साधु कोठारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं ब्लॉक मीडिया प्रभारी के रूप में कोमल साहू और तेजस्वी राजा जायसवाल को नियुक्त किया गया।

# सेमरकापा माइनर परियोजना मुआवजा राशि पर बनी सहमति

## किसान और विभाग के बीच विवाद समाप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

सेमरकापा माइनर परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा राशि को लेकर चल रहा किसानों और विभाग के बीच विवाद आपसी सहमति से समाप्त हो गया है। किसानों ने विधायक भावना बोहरा की पहल और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई चर्चा के बाद विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार मुआवजा राशि स्वीकार करने पर सहमति जताई है। जानकारी के अनुसार, प्रभावित किसान अपनी भूमि के मुआवजे को लेकर दो बार कलेक्टर से गुहार लगा चुके थे। इसके बाद किसानों ने अपनी समस्या विधायक भावना बोहरा के समक्ष रखी।

विधायक ने किसानों को परियोजना की आवश्यकता एवं मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सकारात्मक पहल की तथा एसडीएम संदीप सिंह से चर्चा कर समाधान का प्रयास किया। तत्पश्चात सिंचाई विभाग कार्यालय में एसडीओ एवं विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों और विभाग के बीच चर्चा हुई, जिसमें आपसी सहमति बन गई।

इस दौरान समझौते संबंधी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी किए गए। किसान संघ से जुड़े संजय सोनी, पिंटू चंद्राकर एवं अभिषेक शर्मा ने बताया कि विधायक भावना बोहरा ने किसानों को समझाया कि परियोजना की लागत और मुआवजा राशि के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सभी पक्षों को आपसी सहमति से समाधान निकालना चाहिए। इसके बाद किसानों ने विभागीय गाइडलाइन के अनुसार प्रति हेक्टेयर निर्धारित मुआवजा राशि शीघ्र जारी करने की मांग के साथ सहमति प्रदान की।

इस सहमति के बाद पंडरिया किसान संघ और सिंचाई विभाग के बीच लंबे समय से बनी टकराव की स्थिति समाप्त हो गई है, जिससे परियोजना के कार्यों को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है।

# सुशासन तिहार में शामिल हुई विधायक बोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम दामापुर में सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई और जनता से संवाद कर समस्यों के त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर हितग्राहियों को भूस्वामित्व पट्टा, राशन कार्ड व शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर शुभकामनाएं दी। सुशासन तिहार केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का अभियान है। हमारा संकल्प है कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### सांसद ने निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चचेड़ी में सांसद निधि से स्वीकृत सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। सांसद संतोष पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम में सांस्कृतिक भवन के निर्माण होने से ग्रामीणों को आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध होगी। यह भवन सभी के लिए उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है।

सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रदेश में खुशहाली का वातावरण है। केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे कि स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक योजनाएं हमारे गांव में पहुंच रही हैं। केंद्र व राज्य सरकार की पहल से हमारे गांव में सड़कें बन रही हैं, बिजली पहुंच रही है और पानी की सुविधा हो रही है। हमारे गांव के विकास के लिए हमें मिलकर काम करना होगा।

# गाय नहीं बचेगी तो धर्म नहीं बचेगा गौ माता की रक्षा जरूरी: पं हरेकृष्ण

- श्री विष्णु महायज्ञ व श्री राम कथा सुनने उमड़ रही भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



धर्म नगरीय ग्राम पलानसरी में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्री राम कथा में दुल्लापुर से पधारे पं हरे कृष्ण शुक्ला ने प्रवचन मानस में प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे शरीर पांच तत्वो से मिलकर बना हुआ छिति, जल, पावक, गगन और समीर इन पांच तत्वो का भगवान के प्रादुर्भाव क्या-क्या योगदान रहा सबसे पहले पृथ्वी का नंबर आया पृथ्वी मैया बोली मेरे चार योगदान रहेंगे मैं अपने बेटी सीता-राम को समर्पित कर दूंगी, राम को अपना दामाद बना लुंगी सीता का विवाह राम के साथ कर दूंगी, दूसरा योगदान ये रहेगा कि धनुष यज्ञ में और राजा जब धनुष तोड़ने आएंगे तो मैं धनुष को पकड़ी रहूंगी और जब राम धनुष तोड़ने आएंगे।

मैं धनुष को छोड़ दूंगी मैं सहयोग करुँगी धनुष तोड़ने आप सभी लोग जानते है जब राजा लोग नही तोड़ पाए तो दस हजार राजा एक साथ गठबंधन किए, कैसे जैसे दिल्ली में सत्ता के लिए वैसे ही जनकपुर में सीता के लिए फिर भी धनुष नही टूटा राजा जनक को वेदना हुई राजा जनक ने कहा चले जाइएं मैं जान गया ये धरती वीरो से खाली है तब भारत का 15 साल का युवा लक्ष्मण मिथिला की धरती में भगवान राम को प्रणाम कर बोलने लगा प्रभु अगर आपकी आज्ञा पा जाऊं हे प्रभु ये धनुष की बात कर रहा है।

मैं पल भर में पूरे ब्रह्मांड को पलट सकता ये पुराने धनुष की बात कौन कहे लक्ष्मण जी जब बोलने लगे तो पृथ्वी हिल रही थी दिग्गज डोल रहे थे, श्री राम ने कहा लक्ष्मण तुम्हारे बोलने से दिग्गज डोल रहे तुम बोल रहे हो लक्ष्मण ने कहा जानता हूं भैया मेरे बोलने दिग्गज डोल रहे पृथ्वी हिल रही है, किंतु जिन दोनो को हिलना डुलना चाहियें ओ दोनो शांत बैठे है श्री राम ने कहा तुम्हारा मतलब लक्ष्मण ने कहा प्रभु या तो आपको हिलना डुलना चाहिए या तो धनुष को न तो आप हिल डुल रहे है न ये धनुष राम ने कहा गुरुजी की आज्ञा की प्रतीक्षा शुभ समय जानकर गुरुजी ने आज्ञा दिया राम उठो और एक पिता के संताप को दूर करने के लिए धनुष को तोड़ दो भगवान उठे सहज ही गुरुजी के चरणों मे प्रणाम करने के बाद धनुष सहजता से ही तोड़ दिया माता जानकी ने जयमाल पहनाई भगवान राम माता पृथ्वी के दामाद बन गए।

साथ ही धर्म के व्याख्या करते हुए श्री शुक्ला ने बताया कि जब तक गौ-माता नही बचेगी तो धर्म नही बचेगा और अगर धर्म नही बचा तो देश नही बचेगा देश को समाप्त होने में समय नही लगेगा इसलिए गौमाता की रक्षा करना बहुत जरूरी है। गौमाता की सेवा सभी को करनी चाहिए गौ सेवा से ही कल्याण होगा।

### सुस्त रफ्तार सड़क निर्माण बारिश में बढ़ा सकता है परेशानी

# पोंड़ी-सिल्हाटी बायपास संगम मार्गअधूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं में शामिल नेशनल हाईवे-130 ए का निर्माण कार्य पहले से ही धीमी गति से चल रहा है। इसी बीच ग्राम पोंड़ी से सिल्हाटी बायपास संगम तक बन रही संपर्क सड़क का निर्माण भी अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। मानसून की दस्तक से पहले कार्य पूरा नहीं होने की स्थिति में क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ गई है। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी इस संपर्क सड़क पर वर्तमान में दोनों ओर नाली निर्माण का कार्य जारी है।

नाली निर्माण पूरा होने के बाद ही सड़क के मुख्य निर्माण कार्य, जिसमें अर्थवर्क और मिट्टी भराई शामिल है, को गति मिल पाएगी। ऐसे में समय कम और काम अधिक होने के कारण लोगों को आशंका है कि बारिश शुरू होते ही निर्माणाधीन मार्ग कीचड़ और जलभराव की समस्या से जूझने लगेगा। यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी रास्ते से यात्री बसें, ट्रक, ट्रैक्टर, दोपहिया वाहन तथा आसपास के ग्रामीण प्रतिदिन आवागमन करते हैं। मार्ग के किनारे पेट्रोल पंप, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, शैक्षणिक संस्थान और कई आवासीय क्षेत्र भी स्थित हैं। इसके बावजूद निर्माण अवधि में वैकल्पिक मार्ग की कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सिल्हाटी बायपास का निर्माण समय पर पूरा हो गया होता तो वर्तमान सड़क निर्माण के दौरान यातायात को वहां से डायवर्ट किया जा सकता था। लेकिन बायपास और संपर्क मार्ग दोनों परियोजनाओं के अधूरे होने से आम लोगों को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

### बारिश के बाद बढ़ सकती हैं दिक्कतें

निर्माण स्थल की मौजूदा स्थिति को देखते हुए बारिश के दौरान हालात और चुनौतीपूर्ण होने की आशंका जताई जा रही है। मिट्टी युक्त मार्ग पर फिसलन और कीचड़ बढ़ने से आवागमन बाधित हो सकता है, वहीं दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाएगा। विशेषकर स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक यात्रियों को अधिक परेशानी उठानी पड़ सकती है।

### कार्य में तेजी लाने की मांग

क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी से मानसून को देखते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा आमजन की सुविधा के लिए आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि पंडरिया क्षेत्र में बिशेषरा पुल से मैनपुरा तक सड़क निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है, जिससे वहां के लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। इसी प्रकार पोंड़ी-सिल्हाटी मार्ग पर भी समय रहते कार्य तेज किया जाए ताकि बारिश के मौसम में लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कार्रवाई : अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार पर कसा शिकंजा

# अटल आवास में पुलिस की दबिश, ड्रोन की निगरानी में चला तलाशी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अवैध गतिविधियों, मादक पदार्थों के कारोबार और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस ने बुधवार सुबह घूघरी खुर्द स्थित अटल आवास परिसर में व्यापक छापेमार कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ चलाए गए इस अभियान में पूरे परिसर की निगरानी ड्रोन कैमरों के माध्यम से की गई, जिससे पुलिस को क्षेत्र की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने में मदद मिली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अटल आवास परिसर में लंबे समय से संदिग्ध व्यक्तियों के निवास, अवैध गतिविधियों के संचालन तथा मादक पदार्थों के कारोबार को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों के आधार पर पुलिस द्वारा गोपनीय जांच और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद योजनाबद्ध रणनीति के तहत बुधवार तड़के एक साथ कई मकानों और कमरों में तलाशी अभियान चलाया गया।

अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे अटल आवास परिसर और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में पुलिस बल को देखकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। अभियान के दौरान क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला, जबकि पुलिस ने पूरे परिसर को घेराबंदी कर अपने नियंत्रण में रखा।

तलाशी अभियान के दौरान पुलिस को कुछ मकानों से संदिग्ध सामग्री, शराब तथा नशीले पदार्थ मिलने की जानकारी सामने आई है। हालांकि बरामद सामग्री की मात्रा और स्वरूप को लेकर पुलिस विभाग की ओर से अभी आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। बरामद वस्तुओं की जांच और दस्तावेजी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

### संदिग्धों से की जा रही है पूछताछ



जानकारी के मुताबिक इस छापामार कार्रवाई के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। परिसर में रहने वाले लोगों के दस्तावेजों और पहचान संबंधी जानकारी का भी सत्यापन किया गया। पुलिस का सर्च अभियान देर तक जारी रहा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों, नशे के कारोबार और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर नियंत्रण के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस बड़ी कार्रवाई के बाद अटल आवास क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ भी की जा रही है।

### शिकायतों के आधार पर की जा रही कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी प्रकार के नशे के कारोबार या आपराधिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों और सूचनाओं के आधार पर आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में नशे और अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि ऐसे क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि अपराध और नशे के नेटवर्क पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# प्री बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा कवर्धा में आज

- जारी निर्देशानुसार सुबह 9 .30 बजे बंद हो जाएगा प्रवेश द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्री बी.एड. प्रवेश परीक्षा एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 11 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कबीरधाम जिले में प्री बी.एड. प्रवेश परीक्षा हेतु 06 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें 1892 अभ्यर्थी तथा बी.एस.सी.नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए भी 06 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है जिसमें 1375 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

इस प्रकार दोनों परीक्षाओं के लिए कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 3267 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। दोनो परिक्षाओं के लिए बने परीक्षा केन्द्रों में एक-एक पर्यवेक्षक कलेक्टर कार्यालय की ओर से तथा एक-एक पर्यवेक्षक समन्वयक केन्द्र से नियुक्त किया गया है। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन एवं अनैतिक कार्यो को रोकने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में आबंटित एक पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मी से फ्रिस्किंग का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा।

### जारी किए गए दिशा निर्देश

परीक्षार्थियों को जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व प्रातः 9.30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरुन, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा।

### कवर्धा में बनाए गए कुल 12 परीक्षा केन्द्र

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल ने दोनो ही परीक्षाओं को व्यवस्थित तथा सुचारू रूप से सम्पन्न कराने जिला मुख्यालय कवर्धा में कुल 12 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। जिसमें प्री बीएड परीक्षा के लिए शासकीय पीजी कॉलेज, कवर्धा, शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गावती चौक, कवर्धा, स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम विद्यालय, बस स्टैंड के पास, कवर्धा तथा शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कचहरी पारा, कवर्धा शामिल हैं। इसी प्रकार बीएससी नर्सिंग परीक्षा के लिए सरस्वती शिशु मंदिर, राजनांदगांव रोड, कवर्धा, होली क्रॉस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोरमदेव रोड, कवर्धा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शक्ति वार्ड, कवर्धा, शासकीय हाई स्कूल, कैलाश नगर, कवर्धा, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव रोड, कवर्धा तथा अभ्युदय स्कूल, सरोधा नहर रोड, कवर्धा परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिवारों को मिला आर्थिक सहायता राशि

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार विपत्ति ग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम कामठी निवासी बुधवरिया बाई की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पुत्र शिवकुमार यादव को, ग्राम घुरसी निवासी मानती बाई की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पिता कुंवर सिंह को, ग्राम तरेगांव निवासी विराज ध्रुवे की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्ति ग्रस्त उनकी माता श्रीमती समरतिया बाई को और ग्राम खैरझिटी निवासी मुकेश जायसवाल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पित्नी श्रीमती गायत्री बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### संशोधित मॉडल उत्तर किए गए जारी

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा के मॉडल उत्तर 20 मई 2026 को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए थे तथा अभ्यर्थियों एवं संबंधित पक्षों से दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 मई 2026 निर्धारित की गई थी। निर्धारित अवधि के भीतर प्राप्त दावा-आपत्तियों का परीक्षण एवं निराकरण विशेषज्ञ समिति द्वारा किया गया। दावा-आपत्तियों के निराकरण उपरांत परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर तैयार कर विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

# जल जीवन मिशन की पानी टंकी बनी शोपीस, लोग प्यासे

## सालभर पहले बनी टंकी, अब तक नहीं हुआ बोर



- भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजई

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजई में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टंकी और नल कनेक्शन व्यवस्था ग्रामीणों के लिए सुविधा के बजाय शोपीस बनकर रह गई है।

करीब एक हजार से अधिक आबादी वाले इस गांव में लाखों रुपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण करी सालभर पहले कराया गया तथा घर-घर नल कनेक्शन भी दिए गए, लेकिन आज तक ग्रामीणों को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाकर घरों तक नल कनेक्शन तो पहुंचा दिए गए, लेकिन पानी टंकी के लिए आवश्यक नलकूप खनन नहीं कराया गया। इसके कारण टंकी में पानी की आपूर्ति ही नहीं हो पा रही है और पूरे सिस्टम का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है।

भीषण गर्मी के इस दौर में गांव के लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को पेयजल के लिए हैंडपंप एवं अन्य जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना था, लेकिन ग्राम बिजई में यह योजना धरातल पर सफल होती नजर नहीं आ रही है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से शीघ्र आवश्यक व्यवस्था कर योजना को संचालित करने तथा नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

### शिकायत के बाद भी कार्यवाही शून्य

ग्राम बिजई के ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के साथ शासन-प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं और विकास के नाम पर किए जा रहे इस मजाक पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि एक तरह तो सरकार सुशासन तिहार मना रही है वहीं दूसरी तरफ गांव के 1000 ग्रामीणों के सामने खड़ी यह गंभीर समस्या जिम्मेदारों को दिखाई नहीं दे रही है। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायत बताने के बाद भी समाधान नहीं किया जा रहा है। जिससे साफ जाहिर होता है कि संबंधित विभाग शासन द्वारा आम जनता की सुविधाओं के लिए स्वीकृत किए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्य व संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन सिर्फ और सिर्फ कमीशखोरी के लिए कर रहा है। अगर ऐसा नहीं है तो ग्रामीणों को ऐसी कोई वजह समझ में नहीं आती की अब तक लोगों के घरों तक पानी क्यों नहीं पहुंच पा रहा है।

### ग्रामीणों ने की जल्द से जल्द बोर खनन कराए जाने की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि पानी टंकी को भरने के लिए जल्द से जल्द उपयुक्त स्थान में बोर खनन कराए जाए ताकि लाखों रूपए की लागत की योजना का लाभ लोगों को मिल सके और गांव में व्याप्त पेयजल की समस्या का सामाधान हो सके।

# कर्मचारियों की मांगों को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, जिला कबीरधाम द्वारा बुधवार को कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में संघों की सहमति से कर्मचारियों के हित में की गई घोषणाओं एवं मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को शीघ्र लागू करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा 1 जनवरी 2026 से केंद्रीय कर्मचारियों सहित कुछ सेवाओं के अधिकारियों को 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है, जबकि प्रदेश के लगभग साढ़े चार लाख अधिकारी-कर्मचारी एवं पेंशनर इससे वंचित हैं।

संघ ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को भी देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं राहत प्रदान करने तथा डीए एरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग की है। इसके अलावा बजट सत्र में घोषित कैशलेस चिकित्सा सुविधा के नियम तत्काल जारी करने, सेवानिवृत्ति पर 300 दिन के अवकाश नगदीकरण, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण, शिक्षक एलबी संवर्ग को पूर्ण सेवा लाभ तथा अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष दीपक ठाकुर, सतीश चंद्राकर, रामचंद्र साहू, अर्जुन चंद्रवंशी, प्रताप चंद्रवंशी, संतोष साहू, मोहन राजपूत, धर्मेंद्र पटेल, संतोष सोनी, शत्रुघ्न प्रसाद डड़सेना एवं प्रफुल्ल बिसेन सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## ग्रामीणों तक पहुंच रही शासन की सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुशासन तभी सार्थक होता है, जब शासन की सेवाएं बिना देरी और बिना भटकाव के सीधे आमजन तक पहुंचें।

इसी सोच को साकार करते हुए आयोजित सुशासन तिहार 2026 जिले के ग्रामीणों के लिए त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बना है। इसी पहल के तहत जिले के ग्राम रघ्घूपारा निवासी किसान धन्नु बघेल को शिविर में आवेदन के बाद निःशुल्क किसान ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। गांव में ही मिली इस सुविधा से न केवल उनका समय और श्रम बचा, बल्कि अब वे कृषि संबंधी विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

धन्नु बघेल ने सुशासन तिहार शिविर में किसान ऋण पुस्तिका के लिए आवेदन किया था

# क्रीड़ा भारती का प्रांत सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

क्रीड़ा से निर्माण चरित्र का, चरित्र से निर्माण राष्ट्र का" ध्येय वाक्य के साथ क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत का दो दिवसीय आवासीय प्रांत सम्मेलन स्थानीय सिंधु भवन में संपन्न हुआ।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अमर अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सौरभ राय ने की, जबकि मंच पर प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन में प्रांत संगठन मंत्री कौशलेंद्र पटेल, सह मंत्री डॉ. तारणिश गौतम, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जसविंदर बग्गा, रत्नेश सिंह, आरती मिश्रा, हर्षा साहू, छगन सोनवानी, अजय दीप सारंग एवं गोपेश्वर कहरा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कवर्धा जिले से गिरीश चंद्रवंशी, संजय तिवारी, दीपक ठाकुर, नितिन रूसिया और अमित पाण्डे सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।



द्वितीय दिवस में जसविंदर बग्गा ने "क्रीड़ा भारती, खेल विमर्श और मीडिया की भूमिका विषय पर अपने विचार रखे। सम्मेलन में पारंपरिक खेलों के संरक्षण, खेल संस्कृति के संवर्धन तथा राष्ट्र निर्माण में खेलों की भूमिका पर नौ विभिन्न सत्रों में चर्चा हुई। योग, जुम्बा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहे। सम्मेलन में सभी जिलों में जिला सम्मेलन आयोजित करने, विकासखंड स्तर पर कार्यकारिणी गठन तथा 21 जून योग दिवस एवं 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस पर व्यापक आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

सम्मेलन ने स्वस्थ, संस्कारित एवं संगठित समाज निर्माण के संकल्प को और मजबूत किया।

वनांचल इलाकों में संचालित किए जा रहे कई चर्च, चल रही हैं प्रार्थना सभाएं

# जिले के वनांचल में तेजी से बढ़ती धार्मिक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

छत्तीसगढ़ के पंडरिया व लोरमी तथा मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित डिंडौरी जिले के जनजातीय (वनांचल) क्षेत्रों में इन दिनों (धर्मांतरण) का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बढ़ती धार्मिक गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

उनका दावा है कि इन आदिवासी बाहुल्य इलाकों में 40 से अधिक चर्च और प्रार्थना केन्द्र अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जहां नियमित तौर पर प्रार्थना और चंगाई सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के एक वर्ग का आरोप है कि सीधे-साधे आदिवासी परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, आर्थिक मदद और अन्य सामाजिक सहयोग का लालच देकर प्रभावित किया जा रहा है।

इसके जरिए उनकी पारंपरिक आस्था और संस्कृति को बदलने का प्रयास हो रहा है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरों पर है कि कुछ स्थानीय आदिवासी युवाओं को विशेष रूप से धार्मिक प्रशिक्षण देकर पास्टर के रूप में तैयार किया जा रहा है, ताकि वे आगे चलकर इन गतिविधियों का विस्तार कर सकें।



### घर वापसी का प्रयास

इस बीच,क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक भावना बोहरा भी इन इलाकों में लगातार सक्रिय हैं। वे आदिवासी समाज के भोले-भाले लोगों से संपर्क कर उन्हें अपने मूल सनातन धर्म में वापस लाने और बनाए रखने के सतत प्रयास कर रही हैं जिससे क्षेत्र वासियों में जागरूकता देखी जा रही है।

### बाहरी तत्वों की सक्रियता और फंडिंग पर सवाल

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चारभांठा, उपका, खासरापानी, सजनखार, नेउर, अमनिया, सेमरहा, डालामौहा, जामुनपानी, दमगढ़, पोलमी, पुटपुटा और ढोलढोली जैसे दर्जनों गांवों में लंबे समय से पास्टरों और मिशनरियों की सक्रियता देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार के दिन बाहरी क्षेत्रों से आने वाले पास्टर गांव-गांव घूमकर सभाएं करते हैं और अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं। इस पूरे घटनाक्रम में डीजे लाल नामक व्यक्ति की संदेहास्पद भूमिका और सक्रियता भी चर्चा का मुख्य केन्द्र बनी हुई है। स्थानीय समाज और संगठनों ने मांग की है कि चर्च निर्माण और इन तमाम गतिविधियों के लिए आने वाले कथित आर्थिक सहयोग (फंडिंग) के स्रोतों की बारीकी से निष्पक्ष जांच की जाए।

### पुस्तक और पांपलेट से प्रचार

वनांचल क्षेत्रों में कुछ विशेष धार्मिक पुस्तकों जैसे नया नियम और उनसे जुड़ी धार्मिक शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर भी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाए हैं। उनका मानना है कि आदिवासी समाज को उनकी मूल सांस्कृतिक विरासत, समृद्ध परंपराओं और इतिहास से जोडने की बजाय यदि किसी एक विशिष्ट धार्मिक विचारधारा को थोपा जाएगा, तो इससे उनकी सामाजिक समरसता और पारंपरिक पहचान पूरी तरह प्रभावित हो सकती है।

# जिले में 43000 मीट्रिक टन से अधिक खाद का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में किसानों को खाद एवं बीज की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने शासन-प्रशासन द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिले में खाद-बीज का नियमित भंडारण, वितरण एवं निगरानी कार्य सतत रूप से जारी है।

उप संचालक कृषि, जिला कबीरधाम से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सेवा सहकारी समिति और निजी क्षेत्र में अब तक कुल 43157.88 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया जा चुका है। इसमें यूरिया 22372.59 मीट्रिक टन, डीएपी 3805.90 मीट्रिक टन, एमओपी 2692.02 मीट्रिक टन, एसएसपी 8920.60 मीट्रिक टन तथा एनपीके 5366.77 मीट्रिक टन शामिल है। इसके अतिरिक्त डबल लॉक केंद्रों में भी 5668 मीट्रिक टन खाद सुरक्षित रूप से उपलब्ध है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अब तक 28790.82 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है।

इसमें सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 21151.12 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। वहीं निजी क्षेत्र में 10457.02 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसके विरुद्ध 7639.70 मीट्रिक टन खाद किसानों को वितरित की जा चुकी है। प्रशासन द्वारा खाद वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी भी की जा रही है।

वहीं जिले में अब तक 4740.70 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है तथा किसानों द्वारा 2132.10 क्विंटल बीज का उठाव भी किया गया है। कृषि विभाग द्वारा लगातार भंडारण एवं वितरण कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है।